वर्ष- 21 अंक - 260 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 06 मार्च 2026

## अनिल अंबानी के ठिकानों पर छापे

**मुंबई.एजेंसी।** आज सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 15 टीमों ने अनिल अंबानी की सहयोगी कंपनियों, खासकर रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की हैं। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई में 10 से 12 जगहों पर कार्रवाई चल रही है।



## नेपाल के चुनाव में बालेन शाह की पार्टी आगे

**काठमांडू ● एजेंसी**

नेपाल में आम चुनाव की मतगणना जारी है। शुरुआती रुझानों में रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 52 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं, नेपाली कांग्रेस 5 और यूएमएल 4 सीटों पर आगे चल रही है। शुरुआती रुझानों में पूर्व प्रधानमंत्री ओली भी पिछड़ गए हैं। इसके अलावा कई पूर्व प्रधानमंत्री, कई पूर्व उप प्रधानमंत्री, कई मंत्री मतगणना में बहुत पीछे हैं।

# जंग के कारण भारत में पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतार



**शुक्रवार ● एजेंसी**

अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध के कारण भारत में तेल और गैस का संकट पैदा हो सकता है। इसी आशंका के चलते लोग एडवांस में पेट्रोल-डीजल भरवा रहे हैं। उत्तरप्रदेश के कुछ जिलों में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह फैल गई। इसके चलते पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी कतारें लग गईं। किसान ट्रैक्टर, ड्रम और कैन लेकर बड़ी मात्रा में डीजल भरवाने पहुंच रहे हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तेल की कोई कमी नहीं है और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। भारत के पास फिलहाल पर्याप्त तेल है। इसके बावजूद लोग तेल संकट को लेकर चिंतित हैं।

## भारत ने भी बना लिया ईरान के शाहेद ड्रोन से ज्यादा खतरनाक और एडवांस हथियार

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारत ने भी ईरान के शाहेद ड्रोन जैसा हथियार बना लिया है। इसका नाम है शेषनाग-150। बेंगलुरु की न्यूस्पेस रिसर्च टेक्नोलॉजीज द्वारा बनाया गया यह ड्रोन 1000+ किमी रेंज, 5+ घंटे उड़ान, 25-40 किग्रा वॉरहेड और स्वार्म अटैक क्षमता रखता है। जीपीएस-डिनाइड विजुअल नेविगेशन और मदर-कोड से लैस, यह सस्ते ड्रोनों से दुश्मन की एयर डिफेंस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है।

## अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत को दी छूट

**नई दिल्ली.एजेंसी।** ईरान जंग से डगमगाए तेल बाजार के बीच एक बड़ा फैसला हुआ। अमेरिका ने रूस को भारत को तेल बेचने के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट दे दी। इससे समुद्र में अटके रूसी टैंकरों को रास्ता मिल सकता है।

## सरपंच पति सहित 30 लोगों ने हमला कर लूटपाट की, घर फूंका

**जांजगीर-चांपा ● एजेंसी**

छत्तीसगढ़ में सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरखापाली में होली के विवाद के बाद महिला सरपंच के पति और उसके करीब 30 साथियों ने आनंदराम कुर्रे और सुकदेव कुर्रे के साथ मारपीट की, गालियां और धमकी दी। इसके बाद घर में घुसकर लूटपाट की और घर में आग लगा दी, जिससे लाखों का नुकसान हो गया। बताया जाता है कि सरपंच पति और उसके साथियों ने शराब मांगी थी। शराब न देने पर उन्होंने यह उत्पात किया।



## ईरान के बाद क्यूबा को खत्म करेंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** ट्रंप ने कहा कि ईरान खात्मे की तरफ बढ़ रहा है। ईरान के पास हथियार खत्म हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान को खत्म करने के बाद वे क्यूबा को तबाह करने का काम करेंगे। ट्रंप ने कहा कि ईरान जंग रोकने के लिए बार-बार फोन कर रहा है। इस बीच इजराइल के रक्षामंत्री ने कहा कि 90 दिन पहले ही खामेनेई को मारने की प्लानिंग हो चुकी थी। उधर यूएई के अरबपति खलफ़ अहमद अल हब्तूर ने ट्रंप को पत्र लिखकर कहा कि इस युद्ध में हमारे इलाके को क्यों घसीटा गया। इसी तरह सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने खाड़ी देशों के नेताओं को फोन कर कहा कि ऐसा कोई कदम मत उठाना कि जिससे हम सब संकट में पड़ जाएं। अमेरिका ने अब तक 30 से ज्यादा ईरानी जहाज डुबोने का दावा किया है। अमेरिका ने कुवैत दूतावास भी बंद कर दिया। उधर इराक ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

## गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार

**मुंबई.एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार आज लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 356.91 अंक या 0.45 प्रश गिरकर 79,658.99 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 148.15 अंक या 0.60 प्रश गिरकर 24,617.75 अंक पर आ गया।

## वायु सेना विमान हादसे में दोनों पायलट शहीद

**गुवाहाटी.एजेंसी।** असम में वायु सेना का एक सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान एक प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह विमान कार्बी आंगलोंग जिले के पहाड़ी और जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इस दुखद घटना में विमान में सवार दोनों पायलट शहीद हो गए।

## होली के बाद डूबने से 30 से ज्यादा की मौत

**शुक्रवार.एजेंसी।** गुजरात में धुलेंडी के दिन रंग-गुलाल के बाद नदी, तालाब और झील में नहाते समय 30 से ज्यादा लोगों की डूबने से मौत हो गई। इनमें कुछ बच्चे भी शामिल हैं। उधर उत्तरप्रदेश के अयोध्या में घाघरा नदी में डूबने से दो किशोर लड़कों की मौत हो गई। इसी तरह कौशांबी में यमुना नदी में नहाने गए तीन दोस्तों में से एक किशोर की डूबकर मौत हो गई।

## मधुमक्खियों ने बोला हमला, शव छोड़कर भागे लोग

**उन्नाव.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के उन्नाव में अंतिम संस्कार के दौरान मधुमक्खियों ने ग्रामीणों पर अचानक हमला कर दिया। शव लेकर खेत पहुंचे 50 से 60 लोग जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे और शव वहीं छूट गया। हमले में करीब दो दर्जन ग्रामीण घायल हो गए। बाद में स्थिति सामान्य होने पर शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## नीतीश दिल्ली रवाना, अब सीएम को लेकर मंथन

**शुक्रवार.एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरकर दिल्ली का एकतरफा टिकट ले लिया। अब वे केंद्र की राजनीति करेंगे। उनके इस फैसले से उनकी पार्टी के ही लोग सन्न हैं। लेकिन अब बिहार में सत्ता बदलने वाली है। संभावना यही है कि नीतीश की जगह भाजपा को मुख्यमंत्री पद मिलेगा। मुख्यमंत्री कौन होगा इसको लेकर पटना से दिल्ली तक मंथन हो रहा है। मुख्यमंत्री पद के लिए बीजेपी से सम्राट चौधरी और नित्यानंद राय के नाम रेस में सबसे आगे हैं। विजय चौधरी, संजीव चौरसिया, नीतीश मिश्रा और श्रेयसी सिंह जैसे नामों की भी सियासी हलकों में चर्चा तेज है। नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की उपमुख्यमंत्री के रूप में संभावित एंट्री और संगठन में बड़ी भूमिका पर सबकी नजरें टिकी हैं। माना जा रहा है कि 10 मार्च तक नीतीश कुमार पद पर बने रहेंगे, जिसके बाद राज्य की कमान भाजपा के हाथों में जा सकती है।

### 'गरीब मुख्यमंत्री' रहे नीतीश

21 साल तक मुख्यमंत्री रहने के बावजूद नीतीश कुमार गरीब मुख्यमंत्री रहे। नीतीश कुमार की कुल संपत्ति 1165 करोड़ रुपये के आसपास है, जिसका बड़ा हिस्सा उनके दिल्ली स्थित फ्लैट की बाजार कीमत है। उनके पास महज 20 हजार नकद एवं एक गाय है।



# विजयवर्गीय ने आधी फिल्म इधर, तो बाकी देखी उधर

## दोनों थिएटर थे छोटे भाजपाई हो गए ज्यादा, विजयवर्गीय ने नीचे बैठकर देखी पिक्चर

### तीन पूर्व विधायक कुछ पार्षद और मंडल पदाधिकारी भी रहे नदारद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





विधानसभा 1 के पदाधिकारियों और नेता कार्यकर्ताओं के लिए विजयवर्गीय ने बिजासन रोड स्थित थिएटर में संघ पर आधारित फिल्म शतक का आयोजन करवाया था। कार्यकर्ताओं को 11.30 बजे से बुलवा लिया था और विजयवर्गीय करीब 12.55 पर पहुंचे और 1 बजे फिल्म चालू हुई। फिल्म पहले एक थिएटर में दिखाई जाना थी, फिर संख्या ज्यादा हुई तो दोनों थिएटर में फिल्म चालू करवाई, दोनों ही थिएटर रहवासी क्षेत्र में हैं और उनकी क्षमता कम है। इसलिए दोनों ही थिएटर में जगह कम पड़ गई। विजयवर्गीय इस मौके को भी राजनीतिक रूप से भुनाने में माहिर है वे थिएटर में रास्ते वाली जगह के चढ़ाव पर बैठ गए, उनके लिए कई नेता, कार्यकर्ताओं ने सीट देने की पहल की। विजयवर्गीय ने दोनों थिएटर में आधी-आधी फिल्म भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं के साथ देखी। एक थिएटर में इंटरवेल तक तो दूसरे थिएटर में इंटरवेल के बाद की फिल्म देखी। भाजपा की मातृशक्तियां भी काफी आई थी। विधानसभा 1 में मोर्चा संभाले हुए पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय नहीं थे। वहीं पूर्व विधायक संजय शुक्ला, सुदर्शन गुप्ता भी नहीं पहुंचे थे। वहीं कुछ पार्षद, कुछ मंडल अध्यक्ष की भी अनुपस्थिति चर्चा में बनी रही। इंटरवेल में सभी को ब्रेड सेंडवीच का नाश्ता कराया गया। प्रमुख रूप से अशोक चौहान, निरंजसिंह चौहान, जयदीप जैन, अश्विनी शुक्ल, अमरदीप मौर्य, भूपेन्द्र केसरी, गोविंद पंवार, गगन यादव, मलखानसिंह कुशवाह, शीला गुप्ता, रीना बाहेती, गायत्री कुमावत सहित अन्य मौजूद थे। वहीं धरमपुरी विधायक कालूसिंह ठाकुर भी फिल्म देखने के लिए मौजूद रहे।

## कांग्रेस की सूची कल भी अटकी, आज जाएगी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस पदाधिकारियों की सूची भोपाल भेजने का समय निकल चुका है, लेकिन कहीं ना कहीं अंदरुनी दिक्कतें आने की वजह से यह सूची देर से पहुंचेगी। कल सुबह ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने सूची भेजने का दावा किया था, लेकिन कल भी सूची भोपाल नहीं पहुंच पाई। सूची में 50 कांग्रेस पदाधिकारियों के नाम थे वहीं 25 नाम ऐसे भी है जो स्थाई और विशेष आमंत्रित लोगों के हैं। इन सभी के नाम, पते, मोबाइल नम्बर, ई-मेल आईडी डालकर सूची भेजना है। कुछ लोगों के ई-मेल आईडी मिल नहीं पाई थी इसलिए सूची लेट हो गई। चिंटू चौकसे ने बताया कि सूची आज पूरी तरह अपडेट कर भेज दी जाएगी। देखना होगा कि आज भी दावा पूरा होता है कि किसी कारण से सूची पदाधिकारियों की रूकती है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए बैठक में पहुंचे जनप्रतिनिधि

### भाजपा नेता और अधिकारी भी रहे मौजूद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को लेकर आखातीज 19 अप्रैल को सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। विधायक मधु वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष विश्वजीत सिसोदिया कान्हा, रवि रावलिया, रामस्वरूप गेहलोत, धर्मेन्द्र वर्मा, घनश्याम पाटीदार, विजय पाटीदार, दिलीप पटेल, रविन्द्र चौधरी, सुरेन्द्र सोलंकी के अलावा अधिकारी प्रियंका टेगोर भी मौजूद रही और विवाह कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पंचायत क्षेत्र में जनप्रतिनिधि अधिक से अधिक जोड़ो का पंजीयन कराने के लिए प्रेरित करे यह भी कहा गया।

## बैरवा महासभा चुनाव में अध्यक्ष और महामंत्री के लिए कई दावेदार

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा के चुनाव को लेकर प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। अखिल भारतीय बैरवा महासभा के प्रांतीय महामंत्री महेश जिनवाल ने बताया कि महासभा के चुनाव की परंपरा देश की आजादी से पहले से चली आ रही है और हर तीन वर्ष में नियमित रूप से चुनाव आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि समाज में यह धारणा प्रचलित है कि जो भी नेता बैरवा महासभा का चुनाव जीतता है, उसके लिए




आगे विधायक या सांसद का टिकट लगभग तय माना जाता है।वर्तमान में बैरवा समाज के तीन राज्यसभा सदस्य और चार विधायक राजस्थान व दिल्ली में सक्रिय रूप से जनप्रतिनिधित्व कर रहे हैं। महासभा के ये चुनाव इंदौर के साथ-साथ भोपाल, उज्जैन, देवास, नागदा, रतलाम और शाजापुर में भी निर्धारित किए गए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी मदनलाल मिमरोट ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है और अब 15 मार्च को चुनाव होना है। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार तथा महामंत्री पद के लिए भी चार उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति से संपन्न कराने के लिए समन्वय समिति द्वारा निर्विरोध चुनाव कराने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।इंदौर जिले में चुनाव के लिए 1138 मतदाताओं की सूची प्रकाशित कर दी गई है। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद जो भी प्रत्याशी विजयी होगा, वह अपनी नई कार्यकारिणी का गठन करेगा।

## पूर्व विधायक सहित भाजपाइयों को दिया गेर का निमंत्रण



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माँ अंबिका सोशल ग्रुप द्वारा 8 मार्च रविवार को गेर का आयोजन किया जाएगा और गेर के बाद शाम को संगीत निशा और भोज का आयोजन भी किया जाना है। इस आयोजन को लेकर पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, भाजपा नेता धीरज खंडेलवाल, अश्विनी शुक्ला, निरंजनसिंह चौहान को संस्था पदाधिकारियों ने निमंत्रण दिए।

## पहले भाजपाइयों के कब्जे से बोरिंग कराएं मुक्त, फिर करें नलकूप खनन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने घोषणा की है कि इंदौर सहित प्रदेश में नलकूप खनन प्रतिबंधित किए गए हैं और इधर उनके बेटे व विधानसभा 1 संभाल रहे पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने घोषणा की है कि जल संकट को देखते हुए विधानसभा के 17 वार्डों में जहां-जहां जल संकट है वहां नलकूप खनन कराएं जाएंगे। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि एक तरफ मंत्री नलकूप खनन पर प्रतिबंध की बात करते हैं, दूसरे तरफ उनकी विधानसभा के प्रतिनिधि बेटे ही घोषणा पर अमल करने के बजाए बोरिंग कराने की बात कर रहे हैं। इस पर मंत्री सवाल क्यों नहीं उठा रहे हैं। द्विवेदी ने कहा कि इधर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नलकूप ऑडिट रिपोर्ट तैयार करवाने की घोषणा की थी उसका अबी तक परिणाम नहीं आया। द्विवेदी ने कहा कि इंदौर में लगभग 6 हजार से अधिक सरकारी बोरिंग है उनमें से कितने निजी व्यक्तियों के कब्जे हैं, कितने बंद है और कितने दूषित पानी वाले हैं इसके श्वेत पत्र अभी तक जारी नहीं हुआ है। द्विवेदी ने सीधे सीधे भाजपा एवं उसके नेताओं पर आरोप लगाया कि 1999 से इंदौर में भाजपा परिषद है तो 2003 से मप्र में भाजपा सरकार है। ऐसे में सरकारी बोरिंगों पर कई क्षेत्रों में भाजपा नेताओं का कब्जा है, वे मर्जी से बोरिंग चालू-बंद करवाते हैं, उन पर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उनके आधिपत्य से बोरिंग मुक्त नहीं हो रहे हैं। इन भाजपा के आधिपत्य वाले नेताओं के कारण आम लोगों को पानी बोरिंग से समय पर नहीं मिलता है और मिलता भी है तो कम तादाद में मिलता है और भाजपा नेता अपने लोगों को पानी सीधा घरों तक बोरिंग की लाइन से पहुंचा देते हैं।

## रामबाबू अग्रवाल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने





**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के दिल्ली में सम्पन्न हुए शिविर के पश्चात समाजवादी समागम ने अपनी संगठनात्मक शक्ति को बढाने के उद्देश्य से प्रो. आनंद कुमार को समाजवादी समागम का राष्ट्रीय अध्यक्ष और इंदौर के सपा नेता रामबाबू अग्रवाल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। कई राष्ट्रीय और प्रादेशिक के अलावा इन्दौर के सपा नेताओं ने बधाई दी।

# कांग्रेस रंगपंचमी के बाद देगी कलेक्टर को ज्ञापन

## भागीरथपुरा का मुद्दा उठाएगी, 1करोड़ का मुआवजा, सरकारी नौकरी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस फिर से भागीरथपुरा मुद्दा उठाना चाहती है। बड़ी संख्या में भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से कई रहवासियों की मृत्यु हुई थी और पूरा मुद्दा राजनीतिक भी बना था। इस मामले को कांग्रेस फिर से उठाना चाहती है। अब इस मुद्दे पर कांग्रेस रंगपंचमी त्योहार होने के बाद संभवतः मंगलवार 10 मार्च को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर वहां ज्ञापन देगी। इस मामले में चिंटू चौकसे ने बताया कि जल्द ही कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस कलेक्टर से मांग करेगी कि अभी तक भागीरथपुरा मुद्दे पर जांच रिपोर्ट नहीं आई है, वह जांच रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत की जाए। वहीं शासन और प्रशासन के साथ निगम मिलकर मृतकों के परिवार को 1 करोड़ का मुआवजा दें और मृतक परिवार में से किसी एक को सरकारी नौकरी स्थाई रूप से दी जाए और नगर निगम के जो भी दोषी अधिकारी है उनको निलंबित कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाए, अगर मांगे नहीं मानी जाएगी तो कांग्रेस आन्दोलन करेगी।



## शिवराजसिंह चौहान समर्थक भाजपाइयों ने लगाए 21 पौधे

### एक पौधा मामाजी के नाम का चलाया अभियान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान के अवतरण दिवस पर विधानसभा 5 के भाजपाइयों ने एक पौधा मामाजी के नाम अभियान चलाया। भाजपा नेताओं ने एक-एक पौधा लगाकर 21 पौधे लगाए और पर्यावरणहित का संकल्प लिया और कहा कि यह पौधा मामाजी के नाम को आगे भी सार्थक करेगा। दीपक मलोरिया, मलखान कटारिया, नरेश पुरोहित, कपिल पंड्या, रेमसिंह बघेल, राम मीणा, लोकेश गुर्जर, सुनीलसिंह, सूरज यादव, राजा यादव, शरद वर्मा, केशव मीणा, भरत यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रशासनिक संकुल झोनल दफ्तर बनकर रह गया -कांग्रेस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि जब कलेक्टर कार्यालय को तोड़कर प्रशासनिक संकुल भवन बनाया जा रहा था उस समय कहा गया था कि भोपाल के सचिवालय भवन की तरह प्रशासनिक संकुल बनेगा, जिसमें सारे दफ्तर आएंगे। द्विवेदी ने कहा कि प्रारंभिक दौर में यही कहा गया था कि सारे दफ्तर चाहे टीएनसी कार्यालय हो या शिक्षा विभाग के कार्यालय हो या नापतौल विभाग हो। द्विवेदी ने कहा कि यहां कार्यालय नहीं आए बल्कि अलग से उपपंजीयक कार्यालय 4 उप जिला में बंट गया। तहसील इंदौर विभाजित करके उसको 6 तहसीलों में बांट दिया गया तथा अलग-अलग तहसील कार्यालय खोल दिए गए, एसडीएम अपनी तहसील में बैठने लगे। द्विवेदी ने कहा कि संकुल भवन में आम आदमी परेशान है क्योंकि यहां सभी विभागों को झोन में बांट दिया गया है। आम आदमी चक्कर पर चक्कर खाकर परेशान हैं। तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय से लेकर कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आदि तक में हलाकान है। उपपंजीयक कार्यालय मोती तबेला अधिकारविहीन कर दिया गया है, मुख्यालय मुख्यालय रह ही नहीं गया। इंदौर तहसील विभाजित किया गया है। पुलिस विभाग ने पुरे सेटेलाइट भवन पर अवैध कब्जा जमा लिया है। पार्किंग के रूप में पुरा केम्पस बना डाला है, पार्किंग समस्या खड़ी कर दी है। क्या 50 करोड़ का ऐसा भवन एवं संकुल भवन होता है। अभी 12 से 15साल हुए नहीं बदहाल स्थिति में है। भाजपा सरकार में सचमुच आम आदमी हलाकान है।

# काम नहीं आई बजरबट्टू आयोजकों की ज़िद, नहीं माने विजयवर्गीय

## भागीरथपुरा त्रासदी की पीड़ा पड़ी भारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि




दावत तैयार पर दूल्हा राजी नहीं कहावत बजरबट्टू कवि सम्मेलन के आयोजन पर फिट बैठ गई। आयोजकों द्वारा बीते एक माह से इसकी तैयारियां की जा रही थी लेकिन आयोजन के मुख्य किरदार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इसमें भाग नहीं लेना चाहते थे, और उन्होंने मना कर दिया था, लेकिन आयोजकों की ज़िद थी,हालांकि विजयवर्गीय फिर भी नहीं माने।

भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों के कारण मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मन में जो पीड़ा है उसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने इस वर्ष होली के सभी कार्यक्रमों से दूरी बना ली है। दूसरी ओर विपक्षी दल भी इस मामले में सक्रिय है। सूत्रों के मुताबिक जब बजरबट्टू कवि सम्मेलन एवं शोभायात्रा के आयोजकों ने मंत्री विजयवर्गीय से बात की थी तभी उन्होंने इसके लिए स्वीकृति नहीं दी थी, लेकिन आयोजक जिद पर अड़े हुए थे, उन्हें भरोसा था कि वे अपने आंका को मना लेंगे लेकिन उनकी जिद पर विजयवर्गीय के मन में भागीरथपुरा त्रासदी की पीड़ा भारी पड़ी जिसके चलते कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया

### कवियों और इवेंट टीम सब थे तैयार

अशोक चौहान और अजय लाहोटी ने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारिया पूरी हो गई थी। कवियों की टीम से लेकर इवेंट टीम तक सभी तैयार थे। बुकिंग भी सभी हो चुकी थीं, कल अगर कार्यक्रम निरस्त नहीं होता तो आज सुबह से कवि सम्मेलन के लिए मंच बनने का काम भी शुरू हो जाता। कुछ लोगों को एडवांस देने का काम भी शुरू कर दिया गया था।

### आकाश को रूप देने का प्रस्ताव

सूत्र के मुताबिक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बजरबट्टू सम्मेलन में खुद कोई रूप धारण नहीं करना चाहते थे। आयोजकों की जिद पर उन्होंने कहा कि आकाश विजयवर्गीय को बजरबट्टू बना दिया जाए। हालांकि आयोजकों का कहना है कि वह यह कार्यक्रम केवल कैलाश विजयवर्गीय के लिए आयोजित किया जाता है उनकी लोकप्रियता का प्रमाण है बजरबट्टू। इसलिए किसी भी अन्य को फिलहाल बजरबट्टू नहीं बनाया जाएगा। आयोजकों को उम्मीद है कि अगले वर्ष आयोजन भव्य स्तर पर करेंगे। हालांकि मेट्रो काम के चलते इसके लिए अभी से कुछ नही कहा जा सकता है।

### खुद के आयोजन में भी नहीं पहुंचे थे मंत्री

राजनीतिक जीवन का एक खराब दौर झेल रहे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने होली और फाग के कार्यक्रमों से इस वर्ष दूरी बना रखी है। महावीर बाग में बीते दिनों हुए विधानसभा 1 के फाग उत्सव में भी कैलाश विजयवर्गीय का पूरा परिवार मौजूद था, केवल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ही इस कार्यक्रम में भाग लेने नहीं पहुंचे।

### कवि सत्तन से मिले मंत्री

इधर बजरबट्टू के लिए नहीं माने मंत्री विजयवर्गीय ने कल फिल्म शतक के लिए टाकीज पहुंचने से पहले वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कवि सत्यनारायण सत्तन से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच लंबी चर्चा भी हुई। बताया जा रहा है सत्तन भी इस कार्यक्रम को नहीं करने के पक्ष में ही थे।

## महापौर ने जीटीएस और उद्यान का किया निरीक्षण





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने विधानसभा 4 के वार्ड 66 स्थित लालबाग के पीछे स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन और उद्यान का भी निरीक्षण किया। क्षेत्रीय पार्षद कंचन गिदवानी, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी अश्विनी शुक्ल, अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद थे। भार्गव ने जीटीएस परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए वहां रखे गए ग्रीन वेस्ट एवं अन्य सामग्री की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि परिसर में अनावश्यक रूप से जमा ग्रीन वेस्ट एवं अन्य अव्यवस्थित सामग्री को तत्काल हटाया जाए ताकि क्षेत्र में स्वच्छता और सुव्यवस्था बनी रहे।

## पटवारी के होली मिलन में इंदौरी कांग्रेसी नहीं होंगे शामिल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कांग्रेस आलाकमान राहुल गांधी ने दिल्ली में अपने बंगले पर होली मिलन का आयोजन किया था उसके बाद अब जीतू पटवारी अपने भोपाल निवास पर 8 मार्च रंगपंचमी पर होली मिलन का आयोजन प्रदेशभर के कांग्रेसियों के लिए कर रहे हैं। इंदौर के कांग्रेसी इस आयोजन में शामिल नहीं होंगे। इस मामले में चिंटू चौकसे से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि भागीरथपुरा में हुए दूषित जल से लोगों की मृत्यु के बाद कांग्रेस ने होली नहीं खेलने का फैसला लिया था इसीलिए इंदौरी कांग्रेसी भोपाल होली मिलन के आयोजन में नहीं जाएंगे और संकल्प के कारण वे इंदौर में ही रहेंगे। चिंटू चौकसे स्वयं भी रंगपंचमी नहीं खेलेंगे।

## भाजपा नेता ने दिया टैक्स फ्री करने पर मुख्यमंत्री को साधुवाद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 5 से जुड़े भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बनी फिल्म शतक को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा टैक्स फ्री करने के बाद साधुवाद का पत्र भेजा है।

# जैन समाज में निर्विरोध चुनाव की नाकाम कोशिश

## सीधा होगा दो उम्मीदवारों में मुकाबला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद चुनाव के नाम वापसी की क़ल अंतिम तिथि थी। 7 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे, जिनमें से 2 नामांकन प्रिंसपाल टोंग्या और योगेश जैन के निरस्त हो गए थे। बचे हुए 5 उम्मीदवारों में से 3 प्रत्याशी सुशील पण्डया, बाहुबली जैन, आशीष जैन ने नाम वापस ले लिए थे, जिसकी जानकारी पहले ही सिटी ब्लास्ट ने प्रकाशित की थी कि एक ही खेमे ने ज्यादा नामांकन अध्यक्ष के किए हैं।



कल नवीन गोधा को नाम वापसी के लिए समझाने के प्रयास किए गए थे। कल सुशील पण्डया के मल्हारगंज निवास पर भी नवीन गोधा और एनके जैन ने चर्चा की थी। मामला नहीं जमा क्योंकि कासलीवाल खेमा हर हाल में दिलीप पाटनी को सामाजिक संसद का अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं और इधर दूसरा खेमा और अन्य समाजसेवी मिलकर आनन्द गोधा को अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं, जिसकी कमान नवीन गोधा और एनके जैन ने संभाल रखी है। बताया जा रहा है कि नवीन गोधा को विनाय बाकलीवाल खेमे का भी सपोर्ट बताया



जा रहा है। राजकुमार पाटोदी जो पहले कासलीवाल खेमे के सिपाहसालार हुआ करते थे वे भी अब पलटी मारकर विनय बाकलीवाल खेमे के साथ है। इधर नरेन्द्र वेद को भी इसी खेमे से जोड़कर देखा जा रहा है। इधर कासलीवाल खेमा ने मंदिरों की सूची और सदस्यता सूची भी जारी की थी उसी के बाद कुछ लोगों ने निर्वाचन कार्यालय से भी मंदिरों की सूची के साथ पूरी जानकारी निकाली और मतदाता सूची पर भी प्रश्न चिह्न खड़ा किया, जो भी हो अभी तो सीधा मुकाबला 15 मार्च को आनन्द गोधा और दिलीप पाटनी के बीच नजर आएगा। इधर दिलीप पाटनी और समर्थकों ने प्रचार प्रसार भी शुरू कर दिया है। इधर आज से दूसरा खेमा भी चुनाव की रणनीति बनाकर हर जैन मंदिर के सदस्यों को फोन लगाने और मिलने का क्रम जारी कर रहे हैं। एक तरफ चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है और दूसरी तरफ विनय बाकलीवाल की सामाजिक संसद ने थोकबंद नियुक्ति भी करना शुरू कर दी है, युवा संगठन में नियुक्तियां कर दी गई है, कई कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाए गए हैं, इन सबके पीछे हो रहे सामाजिक संसद के चुनाव को लेकर पूरे गणित को देखा जा रहा है। दूसरा खेमा यही कोशिश कर रहा है कि उधर बाकलीवाल काबिज रहे और इधर दिलीप पाटनी को चुनाव में पटकनी दे दी जाए। इधर कासलीवाल खेमा भी हर हाल में अब आनन्द गोधा को चुनाव जीतने नहीं देना चाहता है, जिसकी रणनीति भी तैयार कर ली गई है, अभी समाज में नवीन गोधा, एनके जैन का भी बड़ा नाम है वे भी रणनीति में पीछे नहीं हैं। कुल मिलाकर अब नाम वापसी के बाद सीधा-सीधा रण आनन्द गोधा और दिलीप पाटनी के बीच दिखाई दे रहा है।



## उल्टी-दस्त के बाद महिला की हो गई मौत

### बेसुध हालत में ले गए थे एमवाय

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

बाणगंगा थाना क्षेत्र के जगदीश नगर में रहने वाली गायत्री पति मुनिम उम्र 40 साल का स्वास्थ्य नासाज था और आज अलसुबह 4 बजे उन्हें चक्कर आए और उलटियां हुई उसके बाद वे बेसुध हो गई थी। तत्काल परिजन जिनमें दो बेटे, एक बेटी और अन्य उन्हें एमवाय अस्पताल ले गए। एमवाय अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि महिला सिलाई का काम करती थी। एमवाय अस्पताल से बाणगंगा पुलिस को जानकारी दी गई। अब पुलिस पूरी जानकारी निकाल रही है।

## योम-ए-बदर आयोजन में रहेंगे मुस्लिम समाजजन मौजूद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के सदर मास्टर मोहम्मद सलीम लाइक ने बताया कि कल 7 मार्च शनिवार की रात 12 बजे से आयशा मस्जिद मोहनपुरा-बम्बई बाजार में योम-ए-बदर का आयोजन किया जाएगा। हाफिज अनवार रेहानी की सदारत में मुफ्ती साबिर अली तकरीर फरमाएंगे।

## रसिया कॉर्नर की गेर निकलेगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** परम्परागत रसिया कार्नर की गेर रविवार रंगपंचमी पर सुबह 10 बजे रसिया कॉर्नर ओल्ड राजमोहल्ला स्थित 'हरि राम मंदिर' पर पूजन के पश्चात् प्रारंभ होगी। इस बार गेर में छोटे बड़े मिलाकर करीब 40 वाहन शामिल रहेंगे, सभी वाहन भगवा ध्वजों से सुसज्जित रहेंगे। रसिया कॉर्नर गेर में विशेष रूप से पांच टैंकर, पचास फुट ऊंचाई तक मार करने वाली मिसाइल के साथ रहेंगे, सबसे आगे 10 ई रिक्शा इंदौर के ई सिटी के नवाचार को बताती हुई चलेंगी, उसके पीछे ढोल ताशे की गूंज के साथ ही गेर में दो बड़े बैंड फाग गीतों की प्रस्तुति देते हुए जनता का मन मोह लेंगे, इसी के साथ ही युवाओं की टोलियां चार बड़ी डीजे की गाड़ियों की धुन पर थिरकती हुई गेर का आनंद लेंगी। पानी के ड्रमों से भरे हुए 10 ट्रैक्टर ट्रॉली लोगों पर पानी बरसाते हुए चलेंगी, सनातन परंपरा को दर्शाती हुई योगी की एक झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। पूरे गेर में 3000 किलोग्राम भगवा गुलाल का इस्तेमाल भी किया जाएगा। करीब 360 वालेंटियर्स भगवा हेलमेट और भगवा जैकेट पहन कर गेर की व्यवस्था को संभालते हुए चलेंगे। उक्त जानकारी राजपाल जोशी ने दी।

## जैन समाज की गरिमा पर प्रश्नचिन्ह

### क़ांग्रेस नेता और समाज के कासलीवाल ने उठाया सवाल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

दिगम्बर जैन समाज और कांग्रेस से जुड़े आनंद जैन कासलीवाल ने प्रश्न उठाया कि दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के व्यापक हितों की उपेक्षा करते हुए पद के लालच में एक बार फिर इंदौर जैन समाज शर्मसार होता दिखाई दे रहा है। दोनों गुटों के तीन-तीन समन्वयकों द्वारा लगभग 135 मंदिरों की सूची आपसी सहमति से अंतिम रूप दी गई थी। सामाजिक हित को ध्यान में रखते हुए यह भी तय किया गया था कि समाज को एकजुट नेतृत्व देने के लिए कुछ समय हेतु एक निर्विरोध अध्यक्ष बनाया जाए। बाद में पारदर्शी चुनाव कराकर निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए और गुटबाजी समाप्त की जाए। किंतु समाज के कुछ व्यक्तियों ने, उन्हीं समन्वयकों की सहमति को नज़रअंदाज़ करते हुए, अलग से चुनाव की घोषणा कर दी, जो पूर्णतः असंवैधानिक प्रतीत होती है। यदि चुनाव कराना ही था, तो समन्वयकों द्वारा अंतिम की गई सूची के आधार पर चुनाव कराया जाता, तो भी बात समझ में आती। वर्तमान घटनाक्रम से ऐसा प्रतीत होता है कि जैन समाज का भी राजनीतिकरण करने का प्रयास हो रहा है। एक पक्ष के वर्तमान अध्यक्ष पूर्व में कांग्रेस से जुड़े रहे हैं, जबकि दूसरा गुट भारतीय जनता पार्टी से संबंधित बताया जा रहा है। ऐसा लगता है कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की मानसिकता समाज के भीतर प्रवेश कर गई है। संविधान का हवाला देकर लगभग 110 मंदिरों की सूची तैयार की गई, जो स्वयं संविधान की भावना के विपरीत बताई जा रही है। नियम के अनुसार 40 परिवारों पर एक सदस्य होना चाहिए, जबकि कई स्थानों पर इतने परिवार निवास ही नहीं करते, फिर भी सदस्यों की संख्या अधिक दर्शाई गई है। इस पर कई लोगों ने आपत्ति भी दर्ज कराई, परंतु उनकी सुनवाई नहीं हुई और चुनाव की घोषणा कर दी गई। यह पूरा घटनाक्रम पद और शक्ति की होड़ जैसा प्रतीत होता है, न कि समाजहित की चिंता। यदि वास्तव में समाजहित सर्वोपरि होता, तो समन्वयकों द्वारा नियुक्त अध्यक्ष को कुछ समय कार्य करने दिया जाता और बाद में निष्पक्ष चुनाव कराए जाते। इंदौर जैसे बड़े और प्रतिष्ठित शहर में इस प्रकार की परिस्थितियाँ अत्यंत दुखद हैं। इससे जैन समाज की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है और समाज के अनेक लोग आहत हैं। समाजहित से बड़ा कोई पद नहीं हो सकता। उक्त पूर्ण जानकारी वीर निकलक आनंद जैन कासलीवाल ने दी।

## युवा माहेश्वरी कराएंगे आज शाम राधा-कृष्ण फाग उत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी युवा संगठन एवं संस्था संघमित्र द्वारा आज शुक्रवार की शाम 7.30 बजे से रणजीत हनुमान के समीप विश्राम बाग में राधा-कृष्ण फाग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। गायिका अनुपमा भटनागर राधा-कृष्ण भक्ति और फाग गीतों की प्रस्तुति देंगी। पूलों की होली भी खेली जाएगी। भरत तोतला, राहुल मानधन्या, गौरव मोदी, दीपांशु काबरा, राहुल काबरा आयोजन से जुड़े हुए हैं।

# भागीरथपुरा का 25 प्रतिशत क्षेत्र अभी भी टैंकर के भरोसे

## निगम का दवा 75 प्रतिशत क्षेत्र में हो रहा है नर्मदा का पानी सप्लाई

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

दूषित जल हादसे के समय से भागीरथपुरा में नल से पानी का सप्लाई बंद किया गया था। अभी भी भागीरथपुरा के 25 प्रतिशत क्षेत्र में नल से पानी नहीं आ रहा है। लोगों को टैंकर से ही पानी भरना पड़ रहा है। नगर निगम का दावा है कि 75प्रतिशत क्षेत्र में नल से नर्मदा का पानी सप्लाई शुरू हो गया है।

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज भागीरथपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। क्षेत्र के रहवासियों से जल आपूर्ति की स्थिति को लेकर चर्चा की गई। सिंघल द्वारा सर्वप्रथम भागीरथपुरा स्थित पानी टंकी परिसर पहुंचकर क्षेत्र में गठित बीट टीमों के साथ मीटिंग कर वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने बीटवार जल प्रदाय की स्थिति की जानकारी ली तथा यह भी पूछा कि किन-किन क्षेत्रों में जल वितरण किया जा रहा है और वहां नागरिकों को



सुचारू एवं स्वच्छ जल मिल रहा है। बीट स्तर पर आ रही समस्याओं के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आयुक्त ने उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

सिंघल द्वारा संपूर्ण भागीरथपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए जल आपूर्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। आयुक्त ने नागरिकों से पूछा कि पानी नियमित रूप से मिल रहा है या नहीं, कितनी मात्रा में प्राप्त हो रहा है तथा किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है। इस पर स्थानीय नागरिकों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है तथा जल आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं है।

विदित हो कि भागीरथपुरा के 75 प्रतिशत क्षेत्र में नर्मदा लाइन से जलापूर्ति की जा रही है,शेष क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से जल वितरण किया जा रहा है।आयुक्त सिंघल द्वारा शेष रहे क्षेत्र में नर्मदा लाइन से जल आपूर्ति के कार्यों को शीघ्र एवं प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए।

# मदिरा दुकानों की ई-टेंडर प्रक्रिया में 12 समूहों पर 3.93 अरब की उच्चतम बोली

**68 निविदाएँ हुई प्राप्त**

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कंपोजिट मदिरा दुकानों के लिए वर्ष 2026-27 हेतु जिला इंदौर अंतर्गत प्रथम चरण, बैच-02 के कुल 19 समूहों में से 12 समूहों पर 5 मार्च को ई-टेंडर/नीलामी की कार्यवाही प्रारंभ की गई, जिन पर निविदाएँ प्राप्त हुईं। उक्त 12 समूहों के लिए कुल 68 निविदाएँ प्राप्त हुईं। निविदा प्राप्त समूहों का कुल आरक्षित मूल्य 3 अरब 91 करोड़ 3 लाख 99 हजार 679 रुपये के विरुद्ध 3 अरब 93 करोड 87 लाख 76 हजार 101 रुपये की उच्चतम बोली लगाई गई। यह बोली गत वर्ष की तुलना में ज्यादा है। गत वर्ष 3 अरब 25 करोड 86 लाख 66 हजार 377 रुपए राशि थी। इस बार 68 करोड से अधिक की राशि में वृद्धि हुई है जो 20.87 प्रतिशत वृद्धि है। अभी भी 7 समूहों पर नीलामी की कार्यवाही प्रगति पर है। नीलामी समाप्त होने के उपरांत इन समूहों की ई-टेंडर निविदाएँ आज 6 मार्च को खोली ज़ा रही है।

# 55 कंपोजिट मदिरा दुकानों के लिए ई-टेंडर आज और कल

**वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 18 मदिरा समूहों का निष्पादन**

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वित्तीय वर्ष 2026-27 की सम्पूर्ण अवधि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 18 मदिरा समूह (जिनका वार्षिक मूल्य रुपयें 7,85,12,23,135/-) क्रमशः एम.आर.-9, चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा (एमआर.-10), द्वारकापुरी, राऊ, कनाडिया बायपास चौराहा, मांगलिया, खण्डवा नाका, ड्रीमलैण्ड चौराहा, महू, पलसीकर कालोनी, तेजाजी नगर चौराहा, अंजनी नगर, चिमनबाग, देपालपुर, रेवती, छावनी, कंपेल, जवाहर मार्ग, रंगवासा (तह. देपालपुर) में सम्मिलित 55 कंपोजिट मदिरा दुकानों का निष्पादन बैच-3 प्रथम चरण में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय आज 6 मार्च को प्रातः 10 बजे से कल 7 मार्च को दोपहर 2 बजे तक है, तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय 07 मार्च 2026 को दोपहर 02.05 बजे से उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने तक रहेगा। प्रत्येक समूह ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य 30,000/-(तीस हजार) होगा।

# फरवरी माह में 3280 वाहनों पर नो पार्किंग में कार्यवाही





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यातायात पलिस लगातार नोपार्किंग झोन में खडे वाहनों पर इस फरवरी माह में कार्रवाई कर रही है। पांच दिनों में 3280 वाहनों पर नियम विरुद्ध की गई पार्किंग को लेकर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने पेट्रोलिंग टीम बना रखी है, जो व्हील लॉक लगा रही है और चालान भी बना रही है।

## निगम चुनाव के पहले सरकार का बड़ा फैसला

# इंदौर सहित सभी शहरों में निगम के बजट में महापौर निधि पर रोक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश में नगर निगम का चुनाव होने के पहले सरकार के द्वारा बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत सरकार के द्वारा इंदौर सहित प्रदेश के सभी बड़े शहरों में नगर निगम में महत्वपूर्ण निधि पर रोक लगा दी गई है।

मध्य प्रदेश के बड़े शहर इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन में नगर निगम के बजट में महापौर को अपने अधिकार के तहत खर्च करने के लिए अलग से महापौर निधि का प्रावधान किया जाता है। हर शहर के द्वारा अपनी स्थिति के अनुसार बजट में महापौर के लिए विशेष फंड रखा जाता है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इंदौर नगर निगम में चालू वित्त वर्ष के लिए मंजूर किए गए बजट में महापौर फंड के लिए 10 करोड रुपए का प्रावधान किया गया था।

राज्य सरकार की ओर से नगरीय प्रशासन विभाग के उप सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला ने यह आदेश जारी किया है। जिसमें लिखा कि नगर पालिक निगमों द्वारा अपने बजट में महापौर निधि का प्रावधान किया जाता है। मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के अध्याय 7 नगर पालिक निधि के प्रावधान वर्णित है। जिसमें वित्तीय वर्ष में निगम की प्राप्तियों एवं आय का अनुमान पत्रक (बजट प्रस्ताव) में महापौर निधि के संबंध में कोई प्रावधान नहीं है। इसके तहत बजट तैयार करते समय मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम (लेखा एवं वित्त) नियम 2018 में दिए गए प्रावधान के अनुसार ही कार्रवाई की जाए।

### नगर निगम में जनप्रतिनिधियों की अलग-अलग निधि

भोपाल में महापौर के अलावा अध्यक्ष, एमआईसी मेंबर, पार्षद और जोन अध्यक्ष की भी निधि है। पिछले बजट में यह दोगुनी कर दी गई थी। जैसे महापौर की 5 की जगह 10 करोड़ रुपए की गई थी। वहीं, अध्यक्ष की 5 करोड़, एमआईसी मेंबर की 1 करोड़ रुपए, पार्षद की 50 लाख रुपए और जोन अध्यक्ष की 10 लाख रुपए निधि रही। इंदौर नगर निगम में भी महापौर की निधि के साथ-साथ पार्षद की अलग निधि है। अब सरकार के द्वारा आदेश जारी कर इस निधि पर रोक लगा दी गई है। ध्यान रहे की महापौर के द्वारा इस निधि से शहर में कहीं भी आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य को मंजूरी दे दी जाती है। अब महापौर का यह विशेष अधिकार समाप्त किया जा रहा है।

# पर्याप्त मात्रा में है पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी

## वरिष्ठ अधिकारी ने की समीक्षा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रदेश में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। यह जानकारी ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने अपर मुख्य सचिव खाद्य रश्मि अरुण शमी द्वारा कल मंत्रालय भोपाल में की गयी पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान दी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान



अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के निर्देश दिये थे। समीक्षा बैठक में ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान खपत को देखते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अपर मुख्य सचिव ने ऑयल कम्पनियों को जिलावार अपने फील्ड ऑफिसर तथा डिपो प्रभारी को संभागायुक्त एवं कलेक्टर से सम्पर्क करने तथा नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी किसी भी स्थिति में न हो। डीलर स्तर पर प्रतिदिन स्टॉक की समीक्षा की जाए।

# टैंक बरसाएगा रंगों के गोले, हाथी की सूंड से निकलेगी रंगों की फुहार

## रंग पंचमी की गेर में ऑपरेशन सिंदूर की झलक दिखाई देगी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम रंग पंचमी की गेर के आयोजन को लेकर तेजी से तैयारी पूरी कर रहा है, इसके लिए नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने पैदल दौरा करके व्यवस्थाओं का जायजा गुरुवार को लिया। इस आयोजन में परंपरागत गेर के साथ ही नगर निगम द्वारा भी पिछले तीन वर्षों से गेर निकाली जा रही है जिसकी शुरुआत इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा की गई थी। साल 2023 से यह काम लगातार चल रहा है, इस वर्ष भी नगर निगम अपनी गेर की तैयारी में जुटा हुआ है। हर वर्ष की तरह गेर में नगर निगम शहर वासियों के लिए कुछ अनूठा करने जा रहा है, जिसके तहत नगर निगम गेर में ऑपरेशन सिंदूर की झलक पेश करेगा इसके लिए नगर निगम की वर्कशॉप में आकर्षक युद्ध टैंक बनाया जा रहा है, इस टैंक से रंगों के गोले निकलेंगे और लोगों पर रंग बरसाया जाएगा। पूरे गौर मार्ग में यह टैंक लोगों को रंगों से शराबोर कर देगा। इस टॉप की ऊंचाई 10 से 15 फीट होगी। वर्कशॉप के प्रभारी मनीष पांडे ने बताया कि जब टैंक की तोप से रंग का गोला छूटेगा तो एक पल के लिए आसमान रंगीन दिखाई देगा।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि वह भले ही इस बार गेर में शामिल नहीं हो रहे हैं क्योंकि भागीरथपुरा में हुई दूषित जल सेवन से लोगों की मौत का गहरा शोक है। इसीलिए होली का त्योहार उत्साह से नहीं मनाना चाहते। लेकिन इस बार भी गेर में नयापन जरूर दिखाई देगा। हर बार की तरह नगर निगम की गेर इस बार भी कुछ खास होगी। उन्होंने बताया कि गेर में स्वच्छता के साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की झलक दिखाई देगी, इसके साथ ही स्वच्छता का हाथी बनाया जाएगा यह पिछले साल भी बनाया गया था जिसकी सूंड से निकलती रंगों की बौछार से शहर वासी रंग की बारिश में भीगे थे। वहीं निगम आयुक्त क्षितिज ने पूरे गेर मार्ग पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, टैंकर उपलब्ध कराने और भीड़ प्रबंधन के लिए आवश्यक स्थानों पर बेरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग और संपर्क सड़कों की स्थिति का जायजा लेते हुए आयुक्त ने जहां-जहां गड्ढे या खराब सड़क मिली, वहां तत्काल पैचवर्क और मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्युत मंडल के साथ समन्वय कर मार्ग में फैली अनावश्यक केबल और तारों को हटाने की कार्रवाई करने को कहा।

### राजवाड़ा और गोपाल मंदिर की सुरक्षा

**गेर मार्ग में आने वाले राजवाड़ा, गोपाल मंदिर और अन्य ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने इन इमारतों को तिरपाल से कवर करने और सुरक्षा में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए।**

# कसेरा बाजार स्कूल की अध्यापिकाओं के लिए हुई स्वास्थ्य संगोष्ठी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन लीनेस तेजस्विनी क्लब द्वारा श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में आयोजित की गई। कसेरा बाजार स्कूल की अध्यापिकाओं के लिए कैंसर विशेषज्ञ डॉ. रिद्धिमा ओझा ने यह संगोष्ठी सार्थक रूप से आयोजित की। प्रारंभ में डॉ. ओझा का स्वागत प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर और क्लब की इति जैन, सुशीला मूंगड़, रमाकांता सोनी, आरती सोनी, पूजा सोनी ने किया। करीब 100 अध्यापिकाओं ने डॉ. रिद्धिमा के उद्बोधन से गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को लेकर जानकारी हासिल की। डॉ. रिद्धिमा ने इस कैंसर होने के कारण और उसके बचाव के कारण भी बताए। साथ में एचपीवी टीकाकरण की जानकारी दी गई। किस तरह से 14 वर्ष की बालिकाओं को यह इंजेक्शन 7 मार्च को लगाए जाएंगे। कुल मिलाकर महिला चिकित्सक डॉ. रिद्धिमा ने करीब 100 मातृशक्तियों को सर्वाइकल कैंसर के प्रति और टीकाकरण को लेकर भी विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक भी किया और शेल्बी हास्पिटल में होने वाली कम कीमत में जांचों के बारे में भी जानकारी दी गई।

## लायंस क्लब ने किया कवि सम्मेलन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** लायंस क्लब ऑफ इंदौर महानगर झोन - 3, रीजन - 2 द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। राजीव शर्मा, आर.के. वर्मा, राजकुमार वर्मा, सत्येन्द्र वर्मा ने प्रस्तुतियां दी। डॉ. रुपेश कुम्भज, परविन्दरसिंह भाटिया, अनिल तंवर, सूरज जायसवाल, जितेन्द्र भारद्वाज, रत्नेश श्रीवास्तव, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोज सोनी, डॉ. साधना सोडानी सहित अन्य मौजूद थे।

## राजपूत समाज युवा सम्मेलन को लेकर बैठक



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्य भारत क्षत्रिय राजपूत परिषद् न्यास द्वारा 20 अप्रैल को मां अन्नपूर्णा धाम दतोदा में राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाना है। इसे लेकर मेंमदी पंचायत खंडवा रोड पर बैठक का आयोजन किया गया। जिम्मेदारी भी तय की गई। इस अवसर पर सचिन पटेल, खुमानसीह पटेल, खेमराज बारोड़, गणपतसिंह गोड़, सुरेश पटेल, दिनेश पटेल, महेंद्रसिंह पटेल, बनवारीलाल पटेल, छीतूसिंह पटेल, तुलसीराम केलवा, केसरसिंह केलवा, राधेश्याम केलवा, शंकरलाला मस्करा, मिश्रीलाल केलवा, उदयराम धनेरा, कैलाश गोरा, मोहन पटेल, रामेश्वर बिना, शेखर देवड़ा, कल्लूसिंह पटेल, बलराम केलवा, योगेश केलवा, शुभम गोरा, केदार चंदेल उपस्थित थे।



## महिला संगठन ने किया फाग आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** चारभुजा सेवा महिला संगठन द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन होटल में किया गया। फूलों की वर्षा की गई। राजस्थान के कलाकारों ने राजस्थानी ढोल-थाली पर नृत्य प्रस्तुत किया। गुजराती क्षत्रियों के पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुति दी गई। पवनदास महाराज, हरीश विजयवर्गीय, वीरेन्द्र गुप्ता का बतौर अतिथि स्वागत भी किया गया। खुशी जैन, य़शिका राठौर, डिम्पल तिवारी, हेमा नामदेव, हेमंत शास्त्री, सत्येन शर्मा, मोनिका शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## सिंधु सेवा परिषद की मातृशक्तियों ने किया आयोजन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सिन्धु सेवा परिषद के तत्वावधान में सिन्धु मातृशक्ति ग्रुप,परम हरि महिला सुखमणि मंडल एवं मां अन्नपूर्णा शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा होली महोत्सव पर्व पर सिन्धु फाग महोत्सव का आयोजन किया। भारती तोलानी ग्रुप तथा नीतू चावला ग्रुप द्वारा राधा-कृष्ण के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। मंजु ठाकुर, मेनका, नीतू, निमिषा, किरण, संगीता वाधवानी, ईशीका, मोनिका, काव्या, जया, सुशीला, टिशा, सीमा, मुस्कान, दया खत्री, चित्रा रिझवानी, दीपा कुकरेजा, अंजू बत्रा, दिव्या, दीपू, टिटू मनोज वीरवानी, बन्टी गिदवानी, संजय बत्रा, मनीष केसवानी, सुलोचना तेजवानी मौजूद थे।



## गोल बगीचा में कवियों की गोल बंदी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संस्था मॉडर्न योगा क्लब ने होलिका उत्सव के उपलक्ष्य में पलसीकर कॉलोनी स्थित गोल बगीचे में होली मिलन के साथ कवियों की गोल बंदी का आयोजन भी किया। योग का आयोजन भी हुआ। योगाचार्य डॉ. शिवप्रकाश सिंह बघेल, रंजना खत्री, बीएस भाटिया, हरबेलसिंह चड्ढा, वरिंदरसिंह खुराना, राजेश खत्री, राजेश सुखेजा, अली हुसैन, जसबीरसिंह होरा, डॉ. शिवप्रकाश सिंह बघेल उपस्थित थे।

## एमपी बैंक ऑफिसर्स की कान्फ्रेंस

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** एनपी बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने ट्रेनियल कान्फ्रेंस आयोजित की। पदाधिकारी और बैंकिंग सेक्टर के अधिकारी भी मौजूद रहे। राजेश दीक्षित, शिवशंकर मौर्य, राजू तामणे ने उद्बोधन दिया। राहुल निहोरे, अरविंद पोरवाल, एमके शुक्ला, एस आयंगर, सुरेश उपाध्याय, शिव शंकर मोरे, श्यामसुंदर यादव, गुरमीत सिंह, राजीव महाने, बीके शर्मा, कृष्णा बरुरकर, परमानंद काक, लोकेश यादव, संजय खरे, बीएस रावत, राहुल सोनी, संजय अहिरवार, भगवान कुशवाहा, पुष्पेंद्र शंकर, विशाल जैन, राहुल गुप्ता, अश्विन शर्मा, हिमांशु शेखर, जसविंदर चहल, रमेश सिंह, आशीष खरे मौजूद थे।



## दिल्ली में कल सम्मानित होंगे तीन लाइनमेन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में इंडिया हेबिटेट सेंटर नई दिल्ली में कल 7 मार्च को राष्ट्रीय स्तर का लाइनमेन सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तीन लाइनमेन अय्यूब खान पीथमपुर इंदौर ग्रामीण वृत्त, भीमनारायण सिंह पंधाना जिला खंडवा. राजेंद्र राठौर संधारा गरोठ जिला मंदसौर शामिल है।



## जांगड़ा पोरवाल समाज का होली मिलन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा द्वारा होली मिलन का आयोजन नरसिंह मंदिर छत्रीबाग में बडी तादाद में समाजजनों की मौजूदगी में किया गया। रामदयाल फरक्या, अशोक मेहता, सुभाष धनोतिया, श्याम राणापुर कृष्णकांत मजावदिया, हेमलता प्रियंका गुप्ता, सतोष मेहता, अमित मेहता सहित अन्य मौजूद थे।



## शीला रजक का सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मालवा जर्नलिस्ट फोरम द्वारा जालसभागृह में नारी शक्ति अवार्ड समारोह के अन्तर्गत सम्मान का आयोजन किया। महिला उद्यमी शीला रजक का भी सम्मान किया गया। राजनेता, अधिकारी सहित अन्य भी बतौर अतिथि मौजूद रहे।

# अग्रबंधुओं ने महोत्सव में लिए कई संकल्प




इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री मालवा मिल अग्रवाल पंचायत ने फाग महोत्सव का आयोजन किया। फाग गीत और कीर्तन पर अग्रबंधुओं ने नृत्य किया। वहीं कई तरह के संकल्प भी लिए। जिसमें ग्रीष्म काल में मूक परिंदों के लिए अपने-अपने घर, आँगन या छत और बालकनी पर दाना-पानी रखने और यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट का प्रयोग करने की शपथ भी ली। भजन गायक श्रीधर झरकर ने भजनों की प्रस्तुति दी जिस पर नृत्य भी किया गया। ग़ोविन्द गोयल, ग़णेश गोयल, सुशील अग्रवाल, गोविन्द गर्ग, विनय गोयल, दिलीप श्री किशन अग्रवाल, विजय, सुभाष अग्रवाल, कल्याण अग्रवाल, अजय गोयल, नरेश मित्तल, अशोक अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, गोविन्द रामजी लाल गोयल, सतीश मंगल, अरविन्द गोयल मौजूद थे।



## एडवांस लेजर थेरेपी मशीन का शुभारंभ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री गणपति मंदिर परिसर खजराना में ट्रस्ट द्वारा संचालित फिजियोथेरेपी सेंटर पर एडवान्स लेजर थेरेपी मशीन का शुभारंभ किया गया। इस मशीन से कई लोगों को लाभ होगा। डॉ. रवि पंजाबी, डॉ. मेघना शर्मा, डॉ नीलिमा केसरी, डॉ प्रमोद बंसोड, डॉ उदित, नीतेश मिश्रा, दीपांशु चौहान, अरुण आर्य, शिवम सोनी, आलोक गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



## रामद्वारा में फूल डोल उत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री रामद्वारा छत्रीबाग में राम स्नेही संप्रदाय का मुख्य उत्सव फूलडोल रामस्नेही भक्तों की मौजूदगी में मनाया गया। भजन, ग्रंथ गुरु महिमा, ग्रंथ नाम प्रताप,छंद भुजंगी, आरती, राम धुन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

## अग्रवाल समाज के वरिष्ठजनों को मिली टेपाश्री उपाधि

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट




अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ का होली मिलन एवं फाग महोत्सव गार्डन पर आयोजित किया गया। बडी संख्या में अग्रबंधुओं की मौजूदगी में ओमप्रकाश रेतवाले, महेश गोयल एवं शिव गर्ग को टेपाश्री की उपाधि से अलंकृत किया गया। भजनों पर समाजजन थिरकते रहे। किशोर गोयल, पिंकेश मोदी, विष्णु गोयल, संजय गोयनका, राजेन्द्र समर्पण, प्रतीक गोयल, आशु अग्रवाल, रमेश चन्द्र अग्रवाल, धर्मेन्द्र गर्ग, गुंजन गुप्ता, अभिषेक सोनथलिया, अवधेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, दिनेश गर्ग, प्रहलाद गर्ग, मनोज टायरवाले, चेतन अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मित्तल, अजय अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, रितेश गुप्ता, गोपाल बंसल, जितेन्द्र ठाकुर, अमृता तिवारी एवं स्टार फैन्स क्लब के हेमंत अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, शालिनी मोदी, सोनिया गर्ग, दीपिका पोद्दार, तृप्ति गोयल मौजूद थे।



## 5 विभूतियाँ 'तोमर अलंकरण' से सम्मानित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट, अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन तथा नेताजी सुभाष मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नरेन्द्र सिंह तोमर (नत्थुसिंह) का सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। वहीं पांच सेवियों ईश्वर झामनानी, प्रभाकर चौखंडे, निर्मला शर्मा, गणेश वर्मा, गोपीकृष्ण पाण्डे को 'तोमर अलंकरण' से सम्मानित किया गया। सत्यनारायण पटेल, मदन परमालिया, बसंतीलाल पांडे, विनोद पटेल, लोकेन्द्रसिंह तोमर, नरेन्द्र सूर्यवंशी, ओपी वर्मा, संगीता वाधवानी, अनिल आजाद, जगदीश सतैया मौजूद थे।

## महावीर जैन फिर जैन समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र वेद की अनुशंसा पर दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल व महामंत्री देवेन्द्र सोगानी द्वारा महावीर जैन को सामाजिक कार्यो में सक्रियता तथा विगत वर्षों में किये गए उत्कृष्ट कार्यों एवम देव-शास्त्र-गुरु के प्रति समर्पण को देखते हुए दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद, युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया। डी. के.जैन, संजय जैन, सुरेन्द्र बाकलीवाल, नकुल पाटोदी, पिंकेश टोंग्या, जैनेश झांझरी, मनीष अजमेरा, अनामिका बाकलीवाल, निलेश वेद, चिंतन जैन, मनीष जैन, सुयश बाकलीवाल, नीरज जैन, राहुल झाँझरी, राकेश जैन ने बधाईयां दी।



## भागवत कथा के पहले कलश यात्रा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गोवर्धन गौशाला परिसर गोम्मटगिरि में कल से कमलकिशोर नागर के श्रीमुख से भागवत कथा शुरू हुई। कथा के पूर्व भागवतजी की शोभायात्रा बैण्ड बाजों के साथ निकाली गई। मातृशक्तियों ने कलश धारण किए। व्यासपीठ का पूजन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अलावा राधेश्याम पटेल, महेंद्र पटेल, यशवंत पटेल, संतोष नीमचा, विनोद सोलंकी, सरदार सिंह सोलंकी, लखन पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, ने किया।





## सांई भक्तों ने बजाए झांज मंजीरे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

केन्द्रीय साईं सेवा समिति के तत्वावधान में रोजाना सांई प्रभातफेरी निकाली जा रही है। कल नेहरू नगर में घर-घर से सांईबाबा की आरती हुई। घरों के बाहर रंगोली भी सजाई, दीप भी लगाए, मराठी भाषी महिलाओं ने फुगड़ी भी खेली और मृदंग, झांज मंजीर एवं ढोलकों की थाप पर नाचते गाते हुए अपनी खुशियाँ भी व्यक्त की। आलोक खादीवाला, चंदू कुंजीर, संजीव मालवीय, विकास जाटवा, हेमंत वर्मा, मोहन पहलवान, संतोष भुसारी, ज्ञानेश्वर होल्कर, अशोक गायकवाड, राजू आगवाने, मुकेश कराडिया, वासुदेव चावला, लतिका चंद्रात्रे, विपिन जैन, जयदीप फणसे, तरुण केतके, पूरब कपूर, विजय अगवाने, दिलीप चौहान, राजीव सूरी, बल्लू राठोर, राजेश परमार, विशाल माथोलिया, रिंकू गौर, गोपाल शर्मा, गौरव व्यास, विनय यादव, महेश शाह, भगवान वापोरे, दिलीप चावला, सौरभ यादव मौजूद थे। आज बाणगंगा क्षेत्र में प्रभातफेरी निकली, कल द्वारकापुरी में निकाली जाएगी।

## रैम्प वॉक एवं सम्मान समारोह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



गुजराती आर्ट एंड लॉ कॉलेज एल्यूमनी ग्रुप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कॉलेज की पूर्व छात्राओं मनीषा नागदिवे, शारदा पांजरे, प्रतिभा वालिया, अनिता जैन, सुषमा बन्दावड़े, दीपाली नामदेव, जयश्री रैकवार, पिंकी यादव, दीपमाला राजपूत, सुदर्शना काले, स्वाति मोहिते, रंजना जायसवाल, नीरू खुराना, भारती शर्मा, दीपाली कुलकर्णी, अनीता सरगैया, जया महाडिक, भारती राठौर, शीला कैथवास, रेखा अब्राहम, डॉ. सपना गुप्ता, बुसअत बहार, रिंकू तिवारी, सुमोना शर्मा, रेणु आहूजा का सम्मान किया गया। छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में रैंप वॉक भी किया। प्रवीण नागदिवे, रानू मलोरिया, रवि वर्मा, सुबीर यादव, लोकेन्द्र छाजेड, राजकुमार जायसवाल, मुकेश चौहान, गोपाल बोरासी, सुनील गुप्ता, जीतेन्द्र खरे, जीतेन्द्र गुप्ता, नीरज अब्राहम, सुनील परिहार मौजूद थे।

# डायवर्शन टैक्स जमा नहीं करने पर रुक्मणि मोटर का गोदाम सील

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान के तहत कल अनुविभागीय अधिकारी कनाडिया के निर्देशानुसार तहसील कनाडिया अंतर्गत डायवर्शन टैक्स की बकाया राशि वसूलने हेतु कार्रवाई की गई। रुक्मणि मोटर द्वारा लगभग 6 लाख रुपये का डायवर्शन टैक्स कई बार सूचना देने के बावजूद जमा नहीं किया गया था। इस पर प्रशासन द्वारा विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए रुक्मणि मोटर के गोदाम को सील किया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार संगीता गोलिया, नायब तहसीलदार पूजा नागवंशी, राजस्व निरीक्षक विशाल शर्मा, तेजसिंह तथा पटवारी योगेश भार्गव और पुष्पेंद्र जादौन की संयुक्त टीम द्वारा की गई।



## जल गंगा संवर्धन अभियान में मिली इन्दौर को शाबासी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्ष 2025-2026 के दौरान अब तक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। इस अभियान के तहत जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त हुई है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में इंदौर जिले में हुए कार्यों को सराहा गया। बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सहित राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारी और प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स शामिल हुए। इंदौर से इस बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कराये गए जल संवर्धन और जल संरक्षण संबंधी कार्यों की जानकारी दी।

## दुर्घटना संबंधित कैशलेस उपचार योजना को लेकर आज शाम बैठक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए आज 6 मार्च को शाम 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 210 में एक आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री शिवम वर्मा करेंगे। बैठक में जिले के समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों तथा मेडिकल कॉलेजों के संचालक एवं प्रबंधक उपस्थित रहेंगे। साथ ही पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल होकर योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी और प्रक्रिया के बारे में अवगत कराएंगे। सभी चिकित्सालयों के संचालक और प्रबंधकों से कहा गया है कि वे अपने आयुष्मान मित्र के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करें, ताकि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

## बुजुर्गों को कराई जाएगी कामाख्या देवी की तीर्थ यात्रा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर जिले के बुजुर्गों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत प्रसिद्ध तीर्थ कामाख्या देवी की निःशुल्क यात्रा करायी जाएगी। यात्रा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। चयनित बुजुर्गों की यात्रा का सभी खर्च राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा। यात्रा के लिए 16 मार्च तक स्थानीय निकाय में आवेदन जमा किए जा सकते हैं। तीर्थ यात्रियों की विशेष ट्रेन कामाख्या देवी तीर्थ के लिए 29 मार्च रविवार को इंदौर से रवाना होगी तथा यह ट्रेन 03 अप्रैल को वापस आएगी। इस तीर्थ यात्रा से कुल 279 बुजुर्ग लाभान्वित होंगे। तीर्थ यात्रा में जाने वाले यात्रियों के लिए आवश्यक शर्तें: मध्यप्रदेश का मूल निवासी जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक हो और वह आयकरदाता न हो। साथ ही इस योजना के अंतर्गत पूर्व में कोई भी तीर्थ यात्रा न की हो। यात्रा के लिए नगर निगम क्षेत्र में झोनल कार्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित नगरीय निकाय अथवा जनपद पंचायत कार्यालय में आवेदन किए जा सकते हैं।

## एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान के लिए 35 केन्द्र

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये किशोरियों को एचपीवी टीका लगवाना जरूरी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर जिले में भी एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस टीकाकरण का उद्देश्य महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव करना है, जो भारत में स्तन कैंसर के बाद कैंसर का दूसरा सबसे बड़ा रूप है। 99 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर एच.पी.वी. वायरस के कारण होते हैं। यह टीका उन किशोरियों को लगाया जाएगा जिनकी उम्र 14 वर्ष पूरी हो चुकी है। एक सिंगल डोज वैक्सीन प्रभावी मानी जाती है। यह टीका किशोरियों को पूर्णतः निःशुल्क लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि जिले में 35 टीकाकरण केन्द्र निर्धारित किए गए हैं।

## अधिकार, न्याय और कार्यवाही की थीम पर होंगे विशेष कार्यक्रम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय तक उनकी सुलभ पहुँच को सुगम बनाने के लिये 'अधिकार, न्याय, कार्यवाही – महिलाओं और बालिकाओं के लिए' थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में 8 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया करेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना तथा समाज में सुरक्षा और सम्मान का वातावरण मजबूत करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर संवाद और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें घरेलू हिंसा कानून की जानकारी, न्याय चौपाल के माध्यम से कानूनी सहायता के मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य और सायबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे। अधिकारी सुरेश तोमर, विनित कपूर, अनिल कुमार एवं सेवानिवृत्त अधिकारी अनुराधा शंकर मौजूद रहकर अपनी भूमिका निभाएंगे।

### रामनगर के हजारों रहवासी परिवार को

# अब बारिश से पहले मिलेगी लाइन लीकेज से राहत

**50 लाख की लागत से निगम डाल रहा बड़े हिस्से में नई ड्रेनेज लाइन**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 52 से जुड़े श्री राम नगर एवं आसपास के एरिया में निगम द्वारा सालों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर अब यहां लगभग 50 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से लाइन बदलने का काम किया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को बारिश से पहले गंदे पानी और लीकेज की समस्या से पूरी तरह से राहत मिल जाएगी। क्षेत्रीय पार्षद सावित्री सुदामा चौधरी ने बताया लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी वर्षों पुरानी लाइन में लीकेज होने और लाइनें क्षतिग्रस्त होने की शिकायत कर रहे थे। इसको लेकर निगम में मंजूरी के लिए फाइल लगा रखी थी, जो अब जाकर मंजूरी के बाद पिछले दिनों रामनगर, चंद्रपुरी कालोनी और चिराड़ मोहल्ला सहित अन्य जगह नई लाइन डालने का काम तेजी के साथ पूरा करवाया जा रहा है ताकि लोगों को बारिश का सीजन शुरू होने से पहले बड़ी राहत मिल जाए।

बड़ी बात यह है कि चंद्रपुरी कॉलोनी की कई गलियां और चिराड मोहल्ला के साथ नई बस्ती में जहां लाइन बदलने का काम पूरा हो गया है। उनमें से कई जगह नई सड़क बनाने का काम भी हाथों हाथ शुरू किया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में बारिश से पहले लोगों की लंबे समय की मांग अब जाकर पूरी हो जाएगी। साथ ही क्षेत्र के हजारों परिवारों को भी मानसून से पहले काम पूरे हो जाने से बड़ी राहत मिलेगी।



## रंगपंचमी गेर के लिए 60 बिजली कार्मिकों की ड्यूटी लगाई

*इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रंग पंचमी 8 मार्च की विशेष गेर के लिए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की शहर वृत्त टीम ने विशेष रूप से तैयारी की हैं। शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे ने बताया कि प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में इंदौर जिला प्रशासन नगर निगम, पुलिस के अधिकारियों के साथ टोरी कार्नर, मल्हारगंज से लेकर राजबाड़ा, कृष्णपुरा तक के गेर मार्ग का निरीक्षण किया गया हैं। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि गेर मार्ग पर केबल व तार पर्याप्त व सुरक्षात्मक ऊंचाई पर किए गए हैं, वहीं कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर के पुराने, क्षतिग्रस्त बॉक्स बदले गए है। उन्होंने बताया कि सुभाष चौक जोन पर बिजली कंपनी का अस्थाई कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। विभिन्न ग्रिड, ट्रांसफार्मरों के पास बिजली कर्मचारी तैनात रहेंगे। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि ऐतिहासिक गेर के दौरान फायर फायटर से 100 से 150 फीट की ऊंचाई तक रंग उड़ाया जाएगा। इस दौरान सुरक्षात्मक कारणों से 11 केवी लाइन के कुल 16 फीडरों से अलग-अलग समय पर बिजली प्रदाय बंद किया जाएगा। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि गेर मार्ग की बिजली संबंधी व्यवस्थाओं के लिए शहर वृत्त, उच्चदाब, निम्नदाब बिजली लाइनों से जुड़े 14 इंजीनियरों समेत कुल 60 कर्मचारी तैनात रहेंगे।*

# आलू चिप्स कारखाना जांच के बाद कराया बंद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जिला प्रशासन की टीम द्वारा डॉ. अम्बेडकर नगर महू के ग्राम कोदरिया, नेउगुराडिया, आम्बाचन्दन और सांतेर में संचालित आलू चिप्स कारखानों की जाँच की गई।

जाँच दल में मध्यप्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के संजय जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री दुबे, तहसीलदार विवेक सोनी, मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के धाकड, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे। जाँच का नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. अम्बेडकर नगर महू राकेश परमार द्वारा किया गया। जाँच दल द्वारा उक्त ग्रामों में स्थित आलू चिप्स कारखानों की गहन जाँच की गई, जिसमें मौके पर आलू चिप्स कारखानों की अनुमति प्राप्त नहीं होने पर विद्युत कनेक्शन का विच्छेद किया गया। साथ ही आलू चिप्स कारखानों में अनियमितता पाए जाने पर कारखानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। आगामी कार्यवाही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा की जायेगी।



## संपादकीय

# संसद में संवाद क्यों हो रहा है कम, लोकतंत्र के बदलते मिजाज पर गंभीर सवाल

संसद के दोनों सदनों में जन प्रतिनिधियों को यह ध्यान रखना होता है कि देश की नई पीढ़ी उनके हर कार्यकलाप, आचार-विचार-व्यवहार को न केवल देखने और महसूस करने में रुचि रखती है, बल्कि उसका अनुसरण भी करना चाहेगी। देश की संसद जनता की आकांक्षाओं की वह अभिव्यक्ति है, जो चयनित प्रतिनिधियों में पूर्ण विश्वास प्रकट कर निर्मित की गई है। इसके उत्तरदायित्व में मुख्य रूप से देश के विकास, सुरक्षा और आमजन के कल्याण के लिए नीति निर्माण एवं योजनाएं बनाना है। तकनीकी तरक्की के साथ अब संसद की सारी कार्यवाही सीधे हर घर तक पहुंचती है। अपेक्षा यही की जाती है कि संसद की बैठकों में संवाद और गरिमा के अनुकरणीय स्तर देखने को मिलेंगे। साथ ही इसमें संवेदनशील पारस्परिकता, समय के महत्त्व, जिम्मेदारी का बोध और अध्ययनशीलता जैसे प्रेरक तथा विश्वास उत्पन्न करने वाले तत्वों के समावेश की उम्मीद भी की जाती है। संसद के दोनों सदनों में जन प्रतिनिधियों को यह ध्यान रखना होता है कि देश की नई पीढ़ी उनके हर कार्यकलाप, आचार-विचार-व्यवहार को न केवल देखने और महसूस करने में रुचि रखती है, बल्कि उसका अनुसरण भी करना चाहेगी। स्वतंत्रता के बाद कई वर्षों तक संसद की कार्यवाही सामान्य जन आज की तरह देख तो नहीं सकते थे, लेकिन तब समाचार पत्रों में उससे संबंधित खबरों को तन्मयता से पढ़ा जाता था और उस पर लोग आपस में चर्चा भी करते थे कि संसद देश के भविष्य का निर्माण कर रही है। उस समय काफी हद तक वह सब मिलता था, जो जनता द्वारा चयनित कुशल, सभ्य, संयमित और जवाबदेह प्रतिनिधियों की शिखर संस्था से अपेक्षित होता था। तब देश के हर गांव, कस्बे और शहर में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी घटनाओं की चर्चा होती थी, आजादी पाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वालों को सम्मान पूर्वक एवं गर्व से याद किया जाता था। मगर देश के वे वरिष्ठजन, जो आज भी संसद की कार्यवाही में रुचि लेते हैं, उसका प्रसारण देखते हैं, उन्हें अब निराशा ही होती होगी। महात्मा गांधी की चर्चा अब कम ही होती है। उन्होंने तत्कालीन संदर्भ में कहा था कि कार्य करने के बाद प्राप्त किए गए अनुभव के बिना दिया गया वक्तव्य परिष्कार और शालीनता से रहित होगा! इसका अनुभव अब सामान्यजन को लगातार हो रहा है। उनकी अपेक्षाएं अब निराशा में तब्दील होती जा रही हैं। विकास के जो प्रयास हो रहे हैं, उनमें सर्वजन कल्याण की भावना के बजाय चयनात्मक सोच की झलक देखने को मिलती है। भारत में भी इसकी अपेक्षा थी कि विपक्ष और विशेषकर सत्ता से जनता द्वारा हटाए गए राजनीतिक दल भी लोकतंत्र की मूल भावना के अनुसार जनसेवा तथा जनसंपर्क पर अधिक ध्यान देंगेः सत्ता पक्ष से प्रश्न पूछेंगे, उनकी कमियां निकालेंगे और लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे।

### बायपास पर डी मार्ट के सामने से लेकर देवास नाका तक

# कई हिस्सों में हो रहा 4 लेन सर्विस रोड का निर्माण

## आधे से ज्यादा हिस्से में जहां बाधाएं नहीं वहां चौड़ीकरण और निर्माण कार्य पूरा




इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। बायपास पर बढ़ते ट्रैफिक के लोड को ध्यान रखते हुए लंबे समय से 4 लेन सर्विस रोड निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत इन दिनों तेजाजी नगर से आगे डी मार्ट के सामने और आसपास के बड़े हिस्से में देवास नाका तक कई हिस्सों में जहां बाधाएं नहीं वहां नई सर्विस रोड निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य दिन-रात तेजी के साथ चल रहा है। यही नहीं प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि वर्तमान में आधे से ज्यादा बड़े हिस्से में जहां की बाधाएं दूर हो गई है वहां और ज्यादा तेजी के साथ सर्विस रोड के निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिससे बायपास के बिचौली से लेकर कनाडिया रोड वाले बड़े हिस्से में नई सर्विस रोड का काम बेहद तेजी के साथ पूरा हो रहा है। यही नहीं इसके अलावा निगम और निर्माण एजेंसी द्वारा बाधाओं वाले हिस्सों में भी बाधाएं दूर होते ही तेजी के साथ पहले से दुगनी रफ्तार से काम शुरू कर दिया है ताकि जल्द तय समय में काम पूरा हो जाए।

**निगम की है प्लानिंग बारिश से पहले हो जाए ज्यादातर काम**

वहीं बड़ी बात यह है कि नगर निगम के अफसरों की बायपास पर कई किमी लंबे हिस्से में नई सर्विस रोड निर्माण और कई जगह सालों पुरानी आधी-अधूरी सर्विस रोड के चौड़ीकरण और निर्माण का काम बारिश से पहले हर हाल में पूरा करने की तैयारी है ताकि आने वाले दिनों में गर्मी के सीजन के बाद जब मानसून का सीजन आए तो उससे पहले बायपास क्षेत्र में रहने वाले हजारों रहवासी परिवारों को नई सर्विस रोड का काम पूरा हो जाने से बड़ी राहत मिलेंगी। जिसको लेकर इन दिनों तेजी के साथ काम हो रहा है। यही नहीं प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है हमें जहां जगह मिलती जा रही है वहां और ज्यादा तेजी के साथ निर्माण कार्य पूरा करवाया जा रहा है ताकि बायपास क्षेत्र की 100 से ज्यादा कालोनियों के रहवासियों को जाम से बड़ी राहत मिल जाए।

# ट्रैफिक नियमों की जानकारी और जागरूकता के लिए लगाई स्मार्ट टीवी बनी शो-पीस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। आमजन में ट्रैफिक नियमों के पालन की जानकारी और वाहन चालकों में जागरूकता लाने के लिए शहर के प्रमुख चौराहों पर लगी आधी से ज्यादा स्मार्ट टीवी लंबे समय से बंद पड़ी है। यही नहीं हालत यह है कि लंबे समय से मेंटेनेंस और रख - रखाव के अभाव में अब यह एलईडी टीवी चौराहों पर शो - पीस बनकर रह गई। हालत यह है कि ज्यादातर चौराहे पर लगी स्मार्ट एलईडी टीवी तकनीकी खराबी की वजह से लंबे समय से बंद पड़ी है। यही नहीं

लगातार लोगों की मांग के बावजूद लंबे समय से इन्हें सुधारा भी नहीं जा रहा है। जिससे प्रमुख चौराहों से गुजरने वाले लोग सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ट्रैफिक के नवीन अपडेट और नियमों की जानकारी से वंचित हो रहें है। दरअसल करीब पांच साल पहले इंदौर स्मार्ट सिटी विकास कार्यों के तहत शहर के प्रमुख चौराहों को स्मार्ट बनाने और आमजन में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से यातायात विभाग द्वारा शुरुआत में शहर के चुनिंदा चौराहों पर स्मार्ट टीवी लगाई गई थी। वहीं इसके बाद धीरे-धीरे लगातार डिमांड बढ़ने पर शहर के पूर्वी और पश्चिमी रिंगरोड से लेकर शहरी क्षेत्र के ज्यादातर सभी चौराहों पर स्मार्ट टीवी लगाए गए थे, लेकिन अब हालत यह है कि लंबे समय से जिम्मेदारों की अनदेखी से ज्यादातर चौराहों पर लगी स्मार्ट टीवी पिछले कई महीनों से तकनीकी खराबी की वजह से बंद पड़ी है। यही नहीं अब यह एलईडी टीवी शो-पीस बनकर चौराहों पर धूल खा रही है। शहर के कई प्रमुख चौराहों पर लगी डिजिटल स्क्रीनें पुरी तरह से खराब हो चूंकि है, कुछ पर डिस्प्ले नहीं आ रहा है, तो कुछ का डेटा भी पुराना हो चुका है। जबकि यातायात विभाग द्वारा स्मार्ट शहर इंदौर के प्रमुख चौराहों को स्मार्ट बनने के



उद्देश्य से डिजिटल स्क्रीन स्मार्ट टीवी लगाई गई थी जिन में ट्रैफिक अपडेट सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार और शहर की सूचनाओं देने के उद्देश्य से चौराहों पर यह स्मार्ट टीवी लगाई गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन में यातायात नियमों का सही से पालन करने के लिए जागरूकता लाना और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए लगाई गई थी। लेकिन बताया जा रहा है कि लंबे समय से इन स्क्रीन के मेंटेनेंस टेंडर और तकनीकी खराबी के चलते अब यह स्थिति बनी है जिसके कारण ज्यादातर चौराहा पर यह टीवी बंद पड़ी है। वहीं कुछ चौराहों से तो इन्हें निकाला भी जा रहा है। जिसके कारण आम जनता जानकारी से वंचित हो रही है।

### होने वाले मंगेतर की करतूत...

# भाभी के भाई के साथ होली खेलने पर युवती को बेरहमी से पीटा

इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि मारपीट करने वाला कोई और नहीं, बल्कि वही युवक है जिससे युवती की सगाई होने वाली थी। महज इस बात पर विवाद हो गया कि युवती अपने भाभी के भाई के साथ होली खेल रही थी। पुलिस ने आरोपी और उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, नर्मदा कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने आरोपी अरुण नायक और उसके भाई संजय नायक निवासी लोहा मंडी, देवास नाका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि वह अपने घर पर अपनी भाभी के भाई के साथ होली खेल रही थी। तभी वहां अरुण पहुँचा, जिससे उसकी सगाई की बात चल रही थी। आरोपी अरुण ने जब युवती को किसी अन्य के साथ होली खेलते देखा, तो वह आगबबूला हो गया। उसने चिल्लाते हुए पूछा, 'तू किसके साथ होली खेल रही है' जब युवती ने सफाई दी कि वह भाई और भाभी है, तो आरोपी ने आव देखा न ताव और गालियां देना शुरू कर दिया। पीड़िता के मुताबिक, जब उसने गाली देने से मना किया और विरोध जताया, तो अरुण ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान आरोपी का भाई संजय भी वहां मौजूद था। लसूड़िया पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अरुण नायक और संजय नायक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# घर के पास नशा करने से रोका तो बदमाशों ने पूरे परिवार को पीटा

इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में नशेड़ियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि टोकने पर उन्होंने एक पूरे परिवार पर हमला कर दिया। पड़ोस के खाली मकान में नशा कर रहे युवकों को जब फरियादी ने मना किया, तो आरोपियों ने पत्थर और लात-घूंसों से हमला कर पति, पत्नी और साली को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना राहुल गांधी नगर की है। फरियादी अंगद कुमार पिता मुक्तेश्वर कुमार खरवार ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोस में एक खाली मकान है, जहाँ आरोपी निखिल चौहान और उसका भाई बैठकर नशा कर रहे थे। क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए जब अंगद उन्हें मना करने पहुँचे, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद के दौरान आरोपी निखिल ने पास पड़ा पत्थर उठाकर अंगद के सिर पर दे मारा। हमले में अंगद का सिर फट गया और खून निकलने लगा। चीख-पुकार सुनकर जब अंगद की पत्नी सीमा और साली रीमा बीच-बचाव करने दौड़ीं, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसियों के इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। लसूड़िया पुलिस ने फरियादी अंगद कुमार की शिकायत पर आरोपी निखिल चौहान और उसके भाई के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 163000 | 160780 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 270500 | 267668 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# पुरुषों के लिए हेयर केयर सेमिनार



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पुरुषों में तेजी से बढ़ती हेयर फॉल, डैंड्रफ, स्कैल्प इंफेक्शन और कम उम्र में गंजेपन की समस्या को देखते हुए हेयर एक्सपर्ट जिनी देवलिया द्वारा विशेष रूप से पुरुषों के लिए हेयर केयर जागरूकता सेमिनार का आयोजन पहली बार किया गया। किसी महिला हेयर एक्सपर्ट द्वारा केवल 50 पुरुषों की हेयर समस्याओं को केंद्र में रखकर इस प्रकार का सेमिनार आयोजित किया गया। बाल झड़ने का कारण केवल आनुवांशिक नहीं होता, बल्कि गलत लाइफस्टाइल, अत्यधिक तनाव, असंतुलित खानपान, प्रदूषण और केमिकल युक्त उत्पादों का अधिक उपयोग भी इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने विशेष रूप से फील्ड वर्क करने वाले पुरुषों को सलाह दी कि दिनभर धूल और पसीने में रहने के बाद बिना बाल धोए सोना स्कैल्प पर गंदगी जमा कर देता है, जिससे फंगल इंफेक्शन और हेयर फॉल की समस्या बढ़ सकती है। प्रश्नोत्तर सत्र में घर पर हेयर स्पा करने की विधि बताते हुए उन्होंने कहा कि पहले बालों को माइल्ड शैम्पू से धोकर हल्का सुखाएँ, फिर कुनकुना तेल उंगलियों की सहायता से स्कैल्प पर लगाएँ। इसके बाद गर्म पानी में डुबोया हुआ टॉवेल निचोड़कर दो घंटे तक बालों पर रखें और अंत में सामान्य हेयर वॉश कर लें। ऑयलिंग के संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया कि तेल को हथेली से रगड़कर सीधे स्कैल्प पर न लगाएँ, बल्कि केवल उंगलियों से हल्के हाथों से अधिकतम दो मिनट तक मसाज करें। शैम्पू की मात्रा आधे सिक्के जितनी पर्याप्त बताई गई तथा अनावश्यक अधिक उपयोग से बचने की सलाह दी गई। स्कैल्प की सफाई के लिए ऑर्गेनिक और हर्बल उत्पादों के उपयोग पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्राकृतिक और हर्बल देखभाल की ओर प्रेरित करना है, जिससे लंबे समय तक सुरक्षित और स्वस्थ हेयर केयर संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हम धीरे-धीरे स्वदेशी और ऑर्गेनिक उत्पादों को अपनाते हैं तो इससे न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की भावना को भी मजबूती मिलेगी। पोषण की कमी को भी हेयर फॉल का एक बड़ा कारण बताते हुए उन्होंने प्रतिदिन सुबह आंवला जूस लेने, संतुलित आहार अपनाने और नियमित दिनचर्या बनाए रखने की सलाह दी। उनके अनुसार सही देखभाल और अनुशासन से 4 से 6 महीनों में सकारात्मक परिणाम देखे जा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को व्यक्तिगत हेयर काउंसलिंग भी प्रदान की गई। यह सेमिनार पुरुषों में हेयर केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में इंदौर शहर की एक महत्वपूर्ण, ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही, होली के अवसर पर जिनी देवलिया ने पुरुषों के लिए विशेष गिफ्ट भी प्रदान किए।

# होस्टल और छोटे होटलों के खिलाफ रहवासियों की मुहिम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तुलसी नगर, महालक्ष्मी नगर, साईं कृपा कॉलोनी, राधिका पैलेस सहित अनेक कालोनियों में बिना स्वीकृत नक्शे के अवैध हॉस्टल और छोटे होटलों का निर्माण तेजी से बढ़ता जा रहा है। कॉलोनी के रहवासियों का आरोप है कि इन अवैध निर्माणों के कारण सड़कों की चौड़ाई कम हो रही है, पार्किंग की समस्या बढ़ रही है और क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समय रहते कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि तुलसी नगर में अभी भी बड़ी संख्या में सीलिंग प्लॉट्स के वैधकरण की प्रक्रिया लंबित है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने इंदौर नगर निगम से स्वीकृत नक्शे के बिना ही मकान, हॉस्टल और होटल बना लिए हैं। कई स्थानों पर पूरे प्लॉट पर निर्माण कर लिया गया है और सड़कों पर रैंप बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे सड़कों की चौड़ाई काफी कम हो गई है। इसके अलावा अधिकांश भवनों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई है और वाहन सड़कों पर ही खड़े किए जा रहे हैं। इससे सड़कें और संकरी हो गई हैं तथा वाहनों की आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है। कॉलोनी के रहवासियों का यह भी कहना है कि तुलसी नगर के लगभग आधे हिस्से में आज भी समुचित सड़कें विकसित नहीं हो पाई हैं, जबकि नगर निगम के वर्तमान कार्यकाल को समाप्त होने में लगभग डेढ़ वर्ष ही शेष है।

## सईद आलम को मिलेगा कल कर्मवीर अवार्ड

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मशवरा वेलफेयर सोसायटी द्वारा समाज में उत्कृष्ट सेवा देने वाली 24 महिलाओं के अलावा 3 पुरुष को कर्मवीर ऑफ इंदौर अवार्ड से नवाजा जाएगा। कल 7 मार्च की शाम 5 बजे अभिनव कला समाज में होने वाले इस सम्मान अवार्ड में डीफेंस का प्रशिक्षण देने वाले मास्टर सईद आलम को भी कर्मवीर ऑफ इंदौर अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। संचालन श्यामली नेमा करेगी। कार्यक्रम में राजेश दंडोतिया, रितु केडिया, परविंदर सिंह, विवेक गौर, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, सुरिंदर टुटेजा, के. दलजीत सूदन, सविता सराफ, सारिका दीक्षित, घनश्यामसिंह बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे।

**जैकब बेथेल का कारनामा**

# टेस्ट और वनडे के बाद टी20 का पहला शतक भी इंटरनेशनल क्रिकेट में




मुंबई। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल ने 2024 में इंग्लैंड के लिए इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उस समय उनके नाम तीनों ही फॉर्मेट फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और टी20 में घरेलू क्रिकेट में शतक नहीं था। इसके बाद भी इंग्लैंड को उनपर काफी भरोसा था और जैकेब को डेब्यू का मौका मिल गया। अपने प्रोफेशल करियर का पहला शतक उन्होंने 135वें मैच में जाकर ठोका था। पिछले साल साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में उनके बल्ले से शतक निकला था।

जैकब बेथेल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट का अपना पहला शतक टेस्ट मैच में लगाया। अब टी20 का पहला शतक भी उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में लगाया है। भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में बेथेल ने 105 रनों की पारी खेली। वह तीनों ही फॉर्मेट में अपना पहला शतक इंटरनेशनल मैचों में लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के सामने 254 रनों का लक्ष्य था। चौथे नंबर पर उतरे 22 साल के बल्ले से इस दौरान सिर्फ 48 गेंदों का सामना किया। उन्होंने 8 चौकों के अलावा 7 छक्के मारे। वह टी20 विश्व कप के नॉकआउट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उनकी वजह से ही इंग्लैंड की टीम इस मुकाबले में भारत को कड़ी टक्कर दे पाई और जीत के करीब पहुंच पाई।

जैकब बेथेल इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले दुनिया के 34वें पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। इंग्लैंड के लिए उनसे पहले जोस बटलर, डेविड मलान और हैरी ब्रूक ऐसा कर चुके हैं। टेस्ट में उन्होंने इस साल की शुरुआत में एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 154 रनों की पारी खेली थी। वह सबसे कम में तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले इंग्लिश बल्लेबाज भी बन गए हैं।

# अधिवक्ता परिषद के चुनाव मई में होंगे

## प्रोविजनल मतदाता सूची का होगा 10 दिन बाद प्रकाशन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव 12 मई को होंगे। इसके लिए प्रोविजनल मतदाता सूची का प्रकाशन 16 मार्च को किया जाएगा। कचोलिया ने बताया कि जिन अभिभाषकों का नाम मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की अन्तिम मतदाता सूची में शामिल होगा, केवल उन्हें ही परिषद के चुनाव में मतदान करने और चुनाव लडने का अधिकार रहेगा।मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर और इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के आगामी चुनाव में मतदान और चुनाव लडने का अधिकार केवल अपनी सनद का वैरीफिकेशन करवाने वाले अभिभाषकों को ही रहेगा।बार कौंसिल ऑफ इण्डिया सर्टिफिकेट एण्ड प्लेस ऑफ प्रैक्टिस वैरीफिकेशन नियम 2015 के अन्तर्गत 1 अप्रैल 2011 के पूर्व नामांकित अभिभाषकों को वैरीफिकेशन फार्म एवं 1 अप्रैल 2011 के बाद नामांकित अभिभाषकों को डिक्लेरेशन फार्म अनिवार्य रूप से भरना आवश्यक है।जिन अभिभाषकों ने वैरीफिकेशन फार्म या डिक्लेरेशन फार्म नहीं भरा है उन्हें कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं दिया जायेगा। गोपाल कचोलिया ने सभी अभिभाषकों से अनुरोध किया है कि जिन अभिभाषकों ने 2015 से लेकर आज दिनांक तक अपनी सनद के वैरीफिकेशन के लिए डिक्लेरेशन फार्म नहीं भरे हैं वे शीघ्र-अतिशीघ्र फार्म भर दें। जिन अभिभाषकों ने पहले ही अपनी सनद के वैरीफिकेशन हेतु वैरीफिकेशन फार्म या डिक्लेरेशन फार्म भर दिया है उन्हें अभी दोबारा से फार्म भरने की आवश्यकता नहीं है।

# भगवान पार्श्वनाथ का महामस्तकाभिषेक



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्कीम न. 78 में श्रीसिध्द चक्र महामंडल के समापन पर भगवान पार्श्वनाथजी का मस्तकाभिषेक, शांतिधारा, हवन का आयोजन कर शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष मौजूद रहे। डीके जैन, जैनेश झांझरी, इन्द्रकुमार सेठी, महेन्द्र निगोत्या, संगीता विकास जैन, संजय भय्या, अशोक डोसी, धर्मेन्द्र जैन, प्रदीप शास्त्री, मनोज बाकलीवाल, प्रदीप बड़जात्या, मुकेश बाकलीवाल सहित अन्य मौजूद थे।


**ज़ाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **इन्दौर धार रोड़ 'नन्दन नगर' सेक्टर एस में स्थित भूखण्ड क्रमांक 69 है,** जिसकी साईज 15 बाय 40 फीट होकर कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफीट है, जो मूलतः **उस्मानिया मस्जिद चन्दन नगर तर्फे सदर मोहम्मद युसुफ खान पिता गुलाम मोहम्मद खान** के आधिपत्य का है। जिनसे उक्त संपत्ति को **सलमान खान पिता गम्मू खान** के द्वारा क्रय किया जा रहा है। उक्त सदर संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय एवं अर्द्ध-शासकीय विभाग आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 (पन्द्रह) दिवस की अवधि में मय लेखी दस्तावेजों प्रमाण हमें सूचित करें अन्यथा बाद मियाद कोई भी आपत्ति योग्य नहीं होगी।

**ज़ुबैर शाह, अधिवक्ता**
**183, फडनीस कॉम्प्लेक्स, इन्दौर, मो.न. 88274-11537**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री कमलेश राठौड़ पिता श्री राजेन्द्र राठौड़** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड नम्बर 2021/1 सुदामा नगर सेक्टर डी पैकी उत्तर का भाग इन्दौर पिन नं. 1001228034 क़ा भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# लगातार दूसरे खिताब से एक कदम दूर टीम इंडिया

- न्यूज़ीलैंड के साथ पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ंत
- रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा फाइनल

**मुंबई ।** आखिरकार टी20 वर्ल्ड कप 2026 अब अपने अंतिम मैच की तरफ बढ़ेगा। टूर्नामेंट में 20 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें 12 टीमें ग्रुप चरण में बाहर हो गईं। इसके बाद आठ टीमें सुपर 8 चरण में पहुंची। वहां से सिर्फ तीन टीमें बाहर आ पाई और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वो चार टीमें थीं भारत, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और दक्षिण अफ्रीका। पहला सेमीफाइनल दक्षिण अफ्रीका और न्यूज़ीलैंड के बीच हुआ जिसमें न्यूज़ीलैंड ने 9 विकेट से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में सबसे पहले जगह बनाई।




इसके बाद दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने 499 रनों की बारिश के बीच 7 रन से रोमांचक जीत हासिल की और फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई। अब फाइनल मैच में भारत और न्यूज़ीलैंड का मुकाबला होने जा रहा है। दोनों टीमें पहली बार वनडे या टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में फाइनल मैच में आमने-सामने होंगी। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट टीम ने पिछले कुछ समय से भारतीय टीम पर उसके घर में अच्छा प्रदर्शन करके दिखाया है, ऐसे में टीम इंडिया फाइनल मुकाबले में कीवी टीम को किसी तरह से कम नहीं आंकेगी। पिछले मैच में जिस तरह से न्यूज़ीलैंड के खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका को 12.5 ओवर में 170 रनों के लक्ष्य को हासिल करके मात दी, उस स्थिति में तो दुनिया की कोई भी टीम न्यूज़ीलैंड से सतर्क रहना चाहेगी। वहीं, टीम इंडिया को अपनी गेंदबाजी में सुधार करने की बहुत जरूरत पड़ेगी क्योंकि सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 255 रनों का लक्ष्य देने के बावजूद इंग्लैंड की टीम सिर्फ सात रन से हारी, जिसने टीम इंडिया की गेंदबाजी में कई कमजोरियां उजागर कर दीं। भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच अब तक टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट इतिहास में 30 मुकाबले हुए हैं। इसमें 16 मैच टीम इंडिया ने जीते हैं, जबकि न्यूज़ीलैंड ने 11 टी20 मैचों में भारत को हराया है। दोनों टीमों के बीच 3 मैच टाई भी हो चुके हैं। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ भारत का जीत प्रतिशत 61.66ड है, जबकि भारत के खिलाफ न्यूज़ीलैंड का जीत प्रतिशत 38.33ड रहा है।

टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल मैच 8 मार्च (रविवार) को खेला जाएगा। ये टूर्नामेंट के 10वें संस्करण का फाइनल मुकाबला होगा जिस पर करोड़ों क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें रहने वाली हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में किस टीम के खिलाफ है भारत का फाइनल मैच और क्यों रहना होगा सतर्क आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला न्यूज़ीलैंड क्रिकेट टीम से होने वाला है। दिलचस्प बात ये है कि आज तक वनडे से लेकर टी20 वर्ल्ड कप तक, कभी भी दोनों टीमें विश्व कप फाइनल में आमने-सामने नहीं आई हैं। ये पहला मौका होगा जब दोनों टीमें फाइनल में टकराएंगी। पिछले कुछ समय से न्यूज़ीलैंड ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में भारतीय जमीन पर काफी क्रिकेट खेला है और टीम इंडिया को कई बार हराया है तो कई बार जबरदस्त टक्कर भी दी है। ऐसे में भारतीय टीम को न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सतर्क रहने की जरूरत होगी। न्यूज़ीलैंड और मेजबान टीम इंडिया के बीच होने वाला आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मैच अहमदाबाद में स्थित दुनिया के सबसे विशाल क्रिकेट मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा।




## ये रहे इंडिया के जीत के हीरो

**मुंबई।** भारतीय टीम आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में पहुंच गई है। गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को सात रनों से पराजित किया। भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 254 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए वो सात विकेट पर 246 रन ही बना सका। अब भारतीय टीम फाइनल में 8 मार्च को न्यूज़ीलैंड का सामना करेगी।

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम की बल्लेबाजी इस मैच में काफी शानदार रही, वहीं गेंदबाजी में कुछ कमजोर कड़ियां जरूर नजर आईं। जबकि फील्डिंग टीम इंडिया की दमदार रही। वैसे पिच भी बैटिंग के मुफीद थी, तभी दो इस मुकाबले में करीब 500 रन बने। अक्षर पटेल ने इस मैच में जैसी फील्डिंग की, वो गेमचेंजिंग साबित हुआ। अक्षर ने इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक का हवा में उड़ता कैच लिया। बाद में अक्षर ने विल जैक्स को पवेलियन लौटाने में अहम भूमिका निभाई, जो क्रीज पर पूरी तरह सेट हो चुके थे। यही नहीं अक्षर ने फिल साल्ट का भी कैच लेकर टीम को पहली कामयाबी दिलाने में अपना रोल निभाया।

मैच के टर्निंग पॉइंट्स इंग्लिश पारी के 18वें और 19वें ओवर रहे। 18वां ओवर जसप्रीत बुमराह ने डाला, जिसमें केवल 6 रन आए। वहीं 19वां ओवर हार्दिक पंड्या ने किया, जहां उन्होंने सिर्फ 9 रन खर्च किए और सैम करन का विकेट भी लिया। इन दो ओवरों के चलते इंग्लैंड को जीत के लिए आखिरी ओवर में 30 रन बनाने थे, जो काफी मुश्किल टास्क था।

बल्लेबाजी में संजू सैमसन ने भारत के लिए कमाल का प्रदर्शन किया। संजू ने 42 गेंदों में 89 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी पारी में 8 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाज उन्हें रोकने के लिए प्रयासरत रहे, लेकिन सैमसन ने सभी प्रयासों को नाकाम कर दिया। हालांकि हैरी ब्रूक ने जरूर उनका कैच ड्रॉप टपकाया था, तब सैमसन 15 रनों पर थे।

भारतीय टीम लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है। भारत ने टी20 वर्ल्ड कप के पिछले संस्करण में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था। अब भारतीय टीम न्यूज़ीलैंड को हराकर इतिहास रचना चाहेगी। अब तक कोई भी मेजबान टीम टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत पाई है। साथ ही लगातार दो बार किसी टीम ने टी20 वर्ल्ड कप खिताब नहीं जीता है।

## इंग्लैंड पर जीत के बाद कप्तान सूर्यकुमार का खुलासा

**मुंबई ।** इंग्लैंड को टी20 विश्व कप के रोमांचक सेमीफाइनल में सात रन से हराने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत का श्रेय गेंदबाजों और शानदार क्षेत्ररक्षण को देते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचना अविश्वसनीय एहसास है। भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को सात विकेट पर 246 रन पर रोक दिया।



सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, यह एक अविश्वसनीय एहसास है। फाइनल के लिए अहमदाबाद जाना खिलाड़ियों के लिए बेहद खास भावना है।'' उन्होंने टीम के बड़े स्कोर में संजू सैमसन (89) के योगदान की तारीफ करते हुए कहा, ''सैमसन को जब बल्लेबाजी के लिए उतरना था, तब उन्हें पूरी तरह पता था कि उन्हें क्या करना है। टीम को उनसे उसी प्रदर्शन की जरूरत थी और उन्होंने वैसा ही किया। उन्होंने कहा, मैंने हैरी (ब्रूक) से कहा था कि आपके खिलाफ हमें और कितने रन बनाने की जरूरत है। वे हमेशा मुकाबले में बने हुए थे और लक्ष्य का पीछा भी अच्छी तरह कर रहे थे। लेकिन जिस तरह बुमराह, अर्शदीप और बाकी गेंदबाजों ने मैच को वापस हमारी ओर मोड़ा, वह अविश्वसनीय था। यह एक शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन था। अक्षर पटेल ने मैच में दो शानदार कैच पकड़े जबकि हार्दिक पंड्या ने अहम मौके पर इंग्लैंड के शतकवीर जैकब बेथलद को रन आउट किया। सूर्यकुमार ने कहा, हमें अपने क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप को भी थोड़ा श्रेय देना होगा।

## बिना विकेट के उछलने लगीं साक्षी, धोनी ने नीचे बिठा दिया

**मुंबई।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार को भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल में रोमांच की सारी हदें पार हो गईं। भारत की 7 रनों की ऐतिहासिक जीत के साथ ही स्टैंड्स में बैठे पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है।



यह दिलचस्प वाकया इंग्लैंड की पारी के 18वें ओवर में हुआ जब अंग्रेज टीम 254 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा कर रही थी। जसप्रीत बुमराह की एक गेंद पर सैम करन ने सामने की ओर शॉट खेला। बुमराह ने फॉलो-थ्रू में गेंद को रोका जिसे देखकर स्टैंड्स में बैठीं साक्षी धोनी को लगा कि बुमराह ने कैच लपक लिया है।

साक्षी खुशी के मारे अपनी सीट पर उछलने लगीं और जश्न मनाने लगीं। हालांकि, हकीकत यह थी कि गेंद बुमराह के हाथों में आने से पहले जमीन को छू चुकी थी। जब धोनी ने अपनी पत्नी को इस तरह बिना विकेट गिरे जश्न मनाते देखा तो उन्होंने बड़े ही शांत अंदाज में उन्हें शांत रहने का इशारा किया। धोनी का यह एपिक रिएक्शन देखकर पास में बैठे रोहित शर्मा, उनकी पत्नी रीतिका सजदेह और अन्य हस्तियां अपनी हंसी नहीं रोक पाईं।

## इस एक गलती के चलते गंवाना पड़ा सेमीफाइनल: ब्रूक

**मुंबई ।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में यहां भारत के खिलाफ 7 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उन्होंने मेजबान टीम की पारी के दौरान संजू सैमसन का कैच टपकार बड़ी गलती की जिन्होंने बाद में अर्धशतक जड़ा और मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए।

भारत के 254 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम जैकब बेथल (105 रन, 48 गेंद, सात छक्के, आठ चौके) के शतक के बावजूद सात विकेट पर 246 रन ही बना सकी। सैमसन ने इससे पहले 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में 7 छक्कों और 8 चौकों से 89 रन की पारी खेली जिससे भारत ने 7 विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर है।



हैरी ब्रूक ने मैच के बाद कहा, हमें लगा था कि पहली पारी में गेंद अधिक रुककर आएगी और स्पिन होगी लेकिन गेंद अच्छी तरह से बल्ले पर आई और भारत ने अच्छी बल्लेबाजी की।' उन्होंने कहा, 'मैं स्वीकार करता हूं कि सैमसन का कैच टपकार मैंने बहुत बड़ी गलती की। हम फील्डिंग में उतने अच्छे नहीं थे। हमने गलतियां की और भारत के खिलाफ ऐसा नहीं कर सकते।

## घर में घुसकर महिला पर चाकू से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के परदेशीपुरा और बाणगंगा थाना क्षेत्रों में आपसी विवाद के बाद हमले की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। दोनों ही मामलों में आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार और नुकीली वस्तुओं से हमला कर महिला और युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली 35 वर्षीय नेहा महाजन ने पुलिस को बताया कि घर में हुए एक विवाद के दौरान आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता की।पुलिस ने पवन ठोसरे और रवि सुरवडे के खिलाफ केस दर्ज किया है। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी पवन ठोसरे ने नेहा पर चाकू से वार कर दिया। हमले में नेहा के बाएं हाथ पर गंभीर चोट आई है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास कर रही है।

## गले पर नुकीली वस्तु से वार कर युवक को किया घायल

बाणगंगा थाना क्षेत्र के महेश यादव नगर में देर रात एक युवक पर हमला किया गया। 22 वर्षीय सूरज होलकर ने थाने पहुँचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने गोविंद नगर खारचा निवासी विशाल बाथम को नामजद किया है।सूरज के मुताबिक, आरोपी विशाल ने पहले उसे रोककर गालियां दीं और फिर मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान विशाल ने किसी नुकीली वस्तु से सूरज के गले पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

## ऑफिस का शटर तोड़कर चोरी, अलमारी से 2 लाख रुपये नगद ले उड़े बदमाश

**इंदौर।** लोहा मंडी इलाके में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाशों ने ऑफिस का ताला तोड़कर वहां रखी अलमारी से करीब दो लाख रुपये की नकदी पार कर दी। जूनी इंदौर पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी सुनील कुमार राजचंदानी निवासी संजना पार्क बिचौली मर्दाना का लोहा मंडी स्थित मनवानी कॉम्प्लेक्स में मालवा ट्रांसपोर्ट के सामने दुकान नंबर 797 में ऑफिस है। घटना 5 मार्च की सुबह उजागर हुई, जब ऑफिस के सामने रहने वाले दिलीप नामक व्यक्ति ने सुनील को फोन कर बताया कि उनके ऑफिस के शटर का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही सुनील राजचंदानी तुरंत अपने ऑफिस पहुँचे। उन्होंने देखा कि शटर का ताला कटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जब उन्होंने ऑफिस के अंदर रखी अलमारी की जांच की, तो उसमें रखे 2 लाख रुपये नगद गायब थे। आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों ने देर रात सूनेपन का फायदा उठाकर रेकी की और वारदात को अंजाम दिया। जूनी इंदौर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कॉम्प्लेक्स और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

# बुजुर्ग पर चेक चोरी का झूठा आरोप लगाकर बेरहमी से पीटा, दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेगंदा में एक 66 वर्षीय बुजुर्ग के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बुजुर्ग पर चेक चोरी करने का बेबुनियाद आरोप लगाया और फिर लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो सगे भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी आत्माराम पिता कनिराम मौर्य (66), निवासी ग्राम बछौड़ा ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आत्माराम ने बताया कि वह ग्राम बेगंदा में तालाब की पाल के पास थे, तभी वहां सुखदेव परमार और उसका भाई विनोद परमार दोनों निवासी ग्राम बेगंदा आए। आरोपियों ने बुजुर्ग आत्माराम को रोककर उन पर चेक चोरी करने का झूठा आरोप मढ़ दिया। जब बुजुर्ग ने इस बात से इनकार किया, तो दोनों भाई गाली-गलौज पर उतार आए। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने हाथ-मुक्कों के साथ-साथ डंडे से बुजुर्ग की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उन्हें शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान आरोपी चिल्ला रहे थे और बुजुर्ग को डरा रहे थे। जाते-जाते आरोपियों ने उन्हें धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की या दोबारा दिखाई दिए, तो उन्हें जान से खत्म कर देंगे। देपालपुर पुलिस ने आत्माराम की शिकायत पर आरोपी सुखदेव और विनोद परमार के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।



## नवआरक्षकों संग एसपी ने खेली होली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में नवआरक्षकों के साथ पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने एकजुट होकर होली खेली। नवआरक्षकों ने पुलिस अधीक्षकों को भी रंग गुलाल का तिलक लगाया, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। गीता चौहान, प्रियंका कामले ने भी अपनी भूमिका निभाई।**



## युवक की संदिग्ध मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक अपने घर में बेसुध अवस्था में मिला था, जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक पारिवारिक विवाद के चलते मानसिक तनाव में था। मृतक की पहचान जयेंद्र उर्फ जेर पिता विजय चौहान (30), निवासी मयूर नगर के रूप में हुई है। वह पेशे से मजदूरी करता था और अपने पिता व बहन के साथ रहता था। कल अचानक उसकी हालत बिगड़ी और वह घर में बेसुध हो गया। परिजन उसे आनन-फानन में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि जयेंद्र का वैवाहिक जीवन काफी समय से तनावपूर्ण चल रहा था। उसकी पत्नी काफी समय पहले घर छोड़कर चली गई थी। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि मामला न्यायालय में विचाराधीन था। आशंका जताई जा रही है कि इसी पारिवारिक कलह और अकेलेपन के कारण वह परेशान रहता था।घटना की। सूचना मिलने पर आजाद नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बाइक सवार युवक को रौंदा इलाज के दौरान तोड़ा दम

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में खंडवा रोड पर एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। मृतक की पहचान पूरन सिंह पिता बहादुर सिंह उम्र 22 साल निवासी ग्राम गाजिंदा सिमरोल खंडवा रोड के रूप में हुई है। पूरन सिंह अपनी बाइक से उमरिया-खंडवा रोड से गुजर रहा था, तभी तेजाजी नगर क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से गंभीर रूप से घायल पूरन सिंह को तुरंत एमवाय अस्पताल ले जाया गया। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोट आने के कारण उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी। डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। तेजाजी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके। उल्लेखनीय है कि पूरनसिंह अभी सिलीकॉन सिटी राऊ में आकर रह रहे थे और वे होटल मैनेजमेंट का काम करते थे। कल शाम वे सिलीकॉन सिटी से खंडवा रोड के लिए निकले थे तभी यह घटना घी।



## महिला ने लगाई फांसी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के प्रजापत नगर में रहने वाली स्नेहा पति नितेश थोरात उम्र 29 साल ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस द्वारकापुरी ने मर्ग कायम करते हुए इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अभी इस मामले में कुछ भी बताने से मना किया और कहा कि घटना की जानकारी मिली है, लेकिन विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है कि महिला द्वारा फांसी लगाने का क्या कारण रहा।



# मकान की छत ढहाने के दौरान मजदूर की मौत के मामले में फंसा ठेकेदार

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की छत तोड़ने के दौरान हुई मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने पाया कि ठेकेदार की लापरवाही और सुरक्षा उपकरणों के अभाव के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, यह दर्दनाक हादसा 28 फरवरी को बड़ी भमोरी इलाके में हुआ था। यहाँ एक पुराने मकान की छत तोड़ने का काम चल रहा था। आरोपी महेश ठेकेदार ने इस काम के लिए हरिओम सिंह नामक मजदूर को दिहाड़ी पर रखा था। घटना के दिन जब हरिओम छत तोड़ रहा था, तब अचानक मलबा उसके ऊपर गिर गया और वह बुरी तरह दब गया। मलबे में दबने से आई गंभीर चोटों के कारण हरिओम की मृत्यु हो गई थी। विजय नगर पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर विस्तृत जांच शुरू की।जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी ठेकेदार महेश ने मजदूर को हेलमेट, बेल्ट या अन्य कोई भी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए थे। जोखिम भरे काम के दौरान सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे। ठेकेदार की इसी घोर लापरवाही के कारण मजदूर की जान गई। मर्ग जांच की रिपोर्ट के आधार पर विजय नगर पुलिस ने आरोपी ठेकेदार महेश के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।